




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 309 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 21 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### लकड़ी लेने जंगल गई महिला पर दो भालुओं ने किया हमला

**कोरबा।** घटना कोरबा वनमंडल के बालको वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेला की है यहां भुंडुराम धनवार पत्नी महेतरीन बाई और चार बच्चों के साथ रहती है। पति - पत्नी दोनों रोजी मजदूरी कर अपना परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर में चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी समाप्त हो जाने पर वह लकड़ी की व्यवस्था करने गई थी

सोमवार की सुबह महेतरीन बाई बेला जलाशय के समीप स्थित पहाड़ी में लकड़ी लेने गई थी। वह जंगल में लकड़ी एकत्रित कर रही थी। इसी दौरान झाड़ियों से निकले दो भालुओं ने एक साथ महिला पर हमला कर दिया। अपनी जान बचाने महिला चीख पुकार मचाने लगी। उसकी चीख सुनकर बचाव के लिए कोई नही पहुंचा, लेकिन पालतू कुत्ता मालकिन की जान मुसीबत में देख भालुओं से भिड़ गया। वह काफी देर तक भालुओं से खुद को बचाते हुए पलटवार करता रहा और भालुओं को जंगल खदेड़ने मे सफल हो गया। भालूओं के हमले से महिला घायल हो गई थी। उसे डायल 112 की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उपचार जारी है।

### क्रशर प्लांट में पत्थर गिरने से मजदूर की मौत

**सरगांव।** भखरीडीह के क्रशर प्लांट में मजदूर के ऊपर अचानक भारी पत्थर गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित स्वजन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने क्रशर प्लांट का घेराव कर दिया। इसके बाद पुलिस से क्रशर मालिक के खिलाफअपराध दर्ज करने की मांग की। साथ ही स्वजन को मुआवजा राशि दी जाए। नायब तहसीलदार और पुलिस की समझाइश के बाद स्वजन शांत हुए। क्रशर संचालक ने मृतक के स्वजन को तीन लाख नकद और तीन चेक प्रदान किया। सरगांव थाना के भखरीडीह में स्थित क्रशर प्लांट में शनिवार की देर रात ककेडी निवासी मजदूर महाविचार ध्रुव (27) काम कर रहा था।

## चुनाव से ठीक पहले एबीपी-सी वोटर का ओपिनियन पोल

# बहुमत से दूर भाजपा, सरकार कांग्रेस की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव से पहले दोनों ही पार्टियों जीत के दावे कर रही हैं। बीजेपी ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 21 उम्मीदवारों के नाम हैं। वहीं, कांग्रेस टिकट वितरण से पहले सर्वे कर रही है। सर्वे के आधार पर टिकट का वितरण किया जाएगा। चुनाव के तीन महीने पहले छत्तीसगढ़ का मूड जानने के लिए एबीपी- सी वोटर ने सर्वे किया है। इस सर्वे रिपोर्ट में से बीजेपी को थोड़ी राहत मिल सकती हैं, वहीं कई ऐसे मुद्दे हैं जो कांग्रेस को चुनौती दे सकते हैं। सर्वे रिपोर्ट में अलग-अलग मुद्दों पर लोगों की राय ली गई है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बीजेपी, इस बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को कांटे की टक्कर दे रही हैं। 2018 में 15 सीटों पर सिमटने वाली बीजेपी के इस बार 35 से 41 सीटें जीत सकती हैं। वहीं, 2018 में 68 सीट जीतने वाली कांग्रेस की सीटें कम हो सकती हैं।



### क्या कहता है छत्तीसगढ़ का सर्वे

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं। विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस ने 15 साल तक प्रदेश पर कब्जा करने वाली बीजेपी को पछाड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस को 68 सीटों पर जीत मिली था, तो बीजेपी को 15 सीटें सीटें मिली थीं। सी वोटर के सर्वे की बात करें तो इस बार बीजेपी को कुछ सीटों की बढ़त मिल सकती है। सर्वे के मुताबिक इस बार बीजेपी को 35-41 सीटें मिल सकती है, तो कांग्रेस के हाथ 48 से 54 सीटें आ सकती हैं।

### बीजेपी के पहले लिस्ट जारी करने से क्या असर?

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने 21 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहले लिस्ट जारी करने के फैसले को लोगों ने सही बताया है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, 58 फीसदी लोगों का मानना है कि बीजेपी ने सही किया है। वहीं, 28 फीसदी लोगों ने कहा कि पार्टी का यह फैसला गलत है। जबकि 14 फीसदी लोगों ने कहा कि इस बारे में कुछ नहीं कह सकते हैं।

### भूपेश बघेल के काम से कितना खुश

सर्वे रिपोर्ट में लोगों से सवाल किया गया था कि मौजूदा सीएम भूपेश बघेल से लोग कितने खुश हैं। इस सवाल के जवाब में 46 फीसदी लोगों ने कहा कि वो भूपेश बघेल के काम से बहुत खुश हैं। 32 फीसदी लोगों ने कहा कि वे सीएम के काम से संतुष्ट हैं। जबकि 20 फीसदी लोगों ने कहा कि सीएम भूपेश बघेल के काम से खुश नहीं हैं। 2 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है।

### कम हो सकती हैं कांग्रेस की सीटें

सर्वे रिपोर्ट में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनते दिख रही है। कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाती नजर आ रही है। हालांकि कांग्रेस के लिए टेंशन की बात ये है कि 2018 के मुकाबले में 2023 में पार्टी की सीटें कम होती दिख रही हैं। हालांकि राज्य के पसंदीदा सीएम के रूप में भूपेश बघेल लोगों की पहली पसंद हैं। वहीं, रमन सिंह दूसरे और टीएस सिंहदेव तीसरे नंबर पर हैं।

## मध्य क्षेत्र में नुकसान, लेकिन बढ़ेगा वोट शेयर

एबीपी-सीवोटर छत्तीसगढ़ ओपिनियन पोल के अनुसार, छत्तीसगढ़ की सत्तारूढ़ कांग्रेस एक बार फिर से वापसी कर सकती है। हालांकि पिछली बार की तुलना में इस बार कांग्रेस को मध्य क्षेत्र नुकसान होता दिख रहा है। सर्वे के मुताबिक, मध्य क्षेत्र की 64 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस को 36 सीटें मिलने का अनुमान है। पिछले चुनाव में पार्टी को 43 सीटें मिली थीं। इस बार इस इलाकें में कांग्रेस को 34 से 38 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस का वोट शेयर 41.7 प्रतिशत से बढ़कर 45.7 प्रतिशत होने का अनुमान है। विपक्षी पार्टी को पिछले चुनाव की 14 सीटों की तुलना में इस बार सीटें बढ़ सकती हैं। बीजेपी का वोट शेयर 2018 के 32.7 प्रतिशत से 8.6 प्रतिशत बढ़कर 41.3 प्रतिशत होने का भी अनुमान है। क्षेत्र में अन्य पार्टियों के लिए सीटों की संख्या 7 से घटकर 0-3 होने का अनुमान है। अन्य दलों के लिए अनुमानित वोट शेयर पिछले चुनाव के 25.6 प्रतिशत से 12.6 प्रतिशत घटकर 13 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### बीजेपी को कहां फायदा

सर्वे के अनुसार, बीजेपी इस बार छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र में बड़ी बढ़त हासिल कर सकती है। इस क्षेत्र में पार्टी 14 में से सात सीटें जीत सकती है। 2018 के चुनाव में यहां बीजेपी का खाता नहीं खुला था। जबकि कांग्रेस को इस क्षेत्र में सात सीटें खोने की उम्मीद है। पिछले चुनावों में सभी 14 सीटों पर उसका कब्जा रहा था।

### कौन है सीएम के लिए पहली पसंद

छत्तीसगढ़ ओपिनियन पोल के अनुसार, 48.8 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य में फिलहाल सबसे पसंदीदा सीएम उम्मीदवार हैं। सर्वे में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह 23.7 फीसदी वोट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दिग्गज नेता और उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव को 13 फीसदी और भाजपा के रमेश बैस को 1.2 फीसदी वोट मिले। बता दें कि राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं।

## जानिए किस रीजन में किसका दबदबा

छत्तीसगढ़ के दक्षिण रीजन की बात करें तो यहां 12 सीटें है। सी वोटर के सर्वे के अनुसार, इस बार बीजेपी को यहां 2-6 सीटें मिल सकतीं हैं। वहीं कांग्रेस को 6-10 सीटें हासिल हो सकती है। अन्य के खाते में यहां से सिर्फ एक सीट जाने की उम्मीद है।

- **उत्तर छत्तीसढ़-** छत्तीसगढ़ में इस बार बीजपी कांग्रेस को उत्तर छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर दे रही है। यहां बीजपी 5से 9 सीटें हासिल कर सकती है तो कांग्रेस को भी 5-9 सीटें मिलने की उम्मीद हैं। यहां अन्य को केवल एक सीट ही मिल सकती है।
- **मध्य छत्तीसढ़-** मध्य छत्तीसढ़ ही छत्तीसगढ़ सरकार का फैसला करती है। यहां किसकी सरकार बनेगी ये सब मध्य रीजन ही तय करता है। मध्य में 64 सीटें है। बता दें कि राजधानी रायपुर और उसके आसपास का इलाका इस रीजन में आता है।

2018 में 43 सीटें कांग्रेस ने जीती थी, बीजेपी के हाथ केवल 14 सीटें ही आईं थी। माना जाता है कि जो इन सीटों पर बढ़त बना लेता है सरकार उसी की बनती है। एबीपी न्यूज सी वोटर के मुताबिक 2023 विधानसभा चुनाव में बीजपी को 25-29 सीटें मिल सकती हैं। तो वहीं कांग्रेस को 34 से 38 सीटें मध्य रीजन से हासिल हो सकती है। अन्य के खाते में यहां से दो सीटें मिलने की उम्मीद है।

## एशिया कप के लिए टीम का एलान, राहुल-श्रेयस की वापसी, तिलक वर्मा नया चेहरा

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हुई है। दोनों पिछले काफी समय से चोट की वजह से बाहर थे। अब दोनों की वापसी हुई है। वहीं, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। यह दोनों भी चोटिल थे। तिलक वर्मा टीम में नया चेहरा होंगे।




अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने तिलक को चुनकर चौंकाया है। उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज दौरे पर टी20 डेब्यू किया था। एशिया कप की शुरुआत 30 अगस्त से होने जा रही है। चयनकर्ता ने 18 खिलाड़ियों की टीम का एलान किया है। 17 खिलाड़ियों की टीम है और संजू सैमसन बैकअप विकेटकीपर होंगे।

### एशिया कप के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा। बैकअप: संजू सैमसन।

### जसप्रीत बुमराह बन सकते हैं उपकप्तान

विश्व कप के विपरीत एशिया कप के नियम 17 सदस्यीय टीम की अनुमति देते हैं। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने 17 सदस्यीय टीम चुनी है। इस बार टूर्नामेंट का आयोजन 'हाइब्रिड मॉडल' में होगा। एशिया कप के मैच पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे से इनकार के बाद एसीसी ने पीसीबी के 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकार कर लिया। टीम इंडिया अपने मैच श्रीलंका में खेलेगी। एशिया कप पाकिस्तान-श्रीलंका की सह-मेजबानी में खेला जाएगा। पहला मैच 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुल्तान में खेला जाएगा।

## अंतिम चरण में चंद्रयान-3 मिशन इसरो ने जारी की चांद की तस्वीरें



**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** भारत का चंद्रयान 3 मिशन अब अंतिम चरण में है। इसका लैंडर मॉड्यूल चांद की सतह से महज 25 से 150 किलोमीटर की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। इसरो के मुताबिक, चंद्रयान-3 का दूसरा और अंतिम डीबूस्टिंग मनूवर सफलतापूर्वक हो चुका है और अब 23 अगस्त का इंतजार है, जब चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।

अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता हासिल की है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कराने वाला भारत पहला देश हो सकता है।

रविवार को रूस का लूना-25 अनियंत्रित कक्षा में जाने के बाद चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा लैंडर चंद्रमा की सतह से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गया।

इसरो का चंद्रयान-3 मिशन अपने अंतिम चरण में है। इससे पहले विक्रम लैंडर ने चांद के दूरस्थ स्थल की कुछ तस्वीरें ली हैं। इन्हें इसरो की तरफसे सोमवार सुबह ट्विटर पर साझा किया गया है। इसरो ने रविवार को कहा कि उसने चंद्रयान-3 मिशन के 'लैंडर मॉड्यूल को कक्षा में थोड़ा और नीचे सफलतापूर्वक पहुंचा दिया और इसके अब बुधवार को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है।

## सपा के महासम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका, हमलावर की पिटाई

- लखनऊ में सपा ओबीसी सम्मेलन के दौरान हुई घटना
- वकील बनकर सभा स्थल पर आया था आरोपी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित समाजवादी पार्टी के ओबीसी सम्मेलन में पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंक दिया। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं ने युवक की पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया।

स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंकने वाले शख्स के नाम आकाश सैनी है। अभी यह साफ नहीं है कि उसने ऐसा क्यों किया। पकड़े जाने के बाद सैनी यह कहते सुना गया कि वह पूजा-पाठ करने वाला व्यक्ति है। पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी आकाश सैनी मड़ियांव का रहने वाले है और वकील बनकर सम्मेलन में आया था। बता दें, स्वामी प्रसाद मौर्य पहले बसपा में थे। फिर भाजपा में शामिल हुए और पिछले यूपी चुनावों से पहले सपा में शामिल हो गए। हाल के दिनों में उन्होंने रामायण में लिखी कुछ चौपाइयों के खिलाफबयानबाजी की थी।

## अंतागढ़ के पूर्व विधायक भोजराज नाग को जान से मारने की धमकी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में अंतागढ़ के पूर्व भाजपा विधाकय भोजराज नाग को जान से मारने की धमकी मिली है। भोजराज नाग वर्तमान में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक हैं और लगातार क्षेत्र में हो रहे धर्मांतरण का विरोध कर रहे हैं। नक्सलियों ने पर्चा जारी कर धर्मांतरण के विरोध में भोजराज नाग के आंदोलन को गलत बताया है। नक्सलियों ने धर्मांतरण के नाम पर आपस मे लड़ाने और क्षेत्र में दंगे भड़काने का आरोप लगाते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। बता दें भोजराज नाग अंतागढ़ उसे भाजपा के विधायक रह चुके हैं और जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक हैं।

## 'सांड-बछरू' पॉलिटिक्स में उलझाने की कोशिश




हालांकि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों की घोषणा अभी नहीं हुई है पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां ऐक्शन मोड में हैं. भाजपा ने 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी फायनल करने के अलावा ई-मेल पर लोगों से चुनाव घोषणा पत्र को लेकर सुझाव मांगना शुरू कर दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा उसे कॉपी कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस ने चुनाव से काफी पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी। छत्तीसगढ़ में मतदाताओं से उनके सुझाव लेने की शुरुआत भी कांग्रेस ने की थी। वैसे, इससे भी ज्यादा रोचक घमासान पाटन में मचा हुआ है। यह भूपेश बघेल का निर्वाचन क्षेत्र है। 27 हजार से अधिक वोटों से यह सीट जीतकर वे मुख्यमंत्री बने थे। अब भाजपा ने यहां से मुख्यमंत्री के भतीजे और दुर्ग सांसद विजय बघेल के नाम की घोषणा कर दी है। इससे यह सीट भाजपा जीते या हारे मुख्यमंत्री की लीड जरूर कम हो जाएगी। चाचा-भतीजे की इस लड़ाई पर पूरे प्रदेश की नजर रहेगी। इसलिए इस चुनाव को मजेदार बनाने की पूरी कोशिश हो रही है। कांग्रेस के मुंहफटों ने कहा है कि भाजपा ने सांड के आगे बछरू (बछड़े) को खड़ा कर दिया है। इसका जवाब खुद विजय बघेल ने दिया है। बिलासपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा कि वे इस सांड को छांदेंगे (नाक में नथैनी डालेंगे)। इन बे-सिर-पैर की बातों से लोगों का खूब मनोरंजन हो रहा है। इस बहाने लोगों का छत्तीसगढ़ी भाषा ज्ञान तो बढ़ ही रहा है। वैसे यह मुकाबला कांटे का होगा क्योंकि पाटन विजय बघेल का भी निर्वाचन क्षेत्र रहा है। इस सीट पर वे मौजूदा मुख्यमंत्री को 2008 के विधानसभा चुनाव में पटखनी दे चुके हैं। पर आज के हालात कुछ और हैं। अब यह चुनाव भूपेश बनाम विजय नहीं बल्कि मुख्यमंत्री बनाम सांसद है। पिछले चार-साढ़े चार साल में भूपेश ने पाटन का कायाकल्प करने की हर संभव कोशिश की है जिसका असर भी देखा जा रहा है। वैसे भी भूपेश के लिए पाटन से बड़ा सिरदर्द ईडी, आईटी और आम आदमी पार्टी है। एक बेहतरीन चुनाव संचालक होने कारण वो जानते हैं कि एक सीट पर फोकस करने से राज्य भर में नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्हें खूब याद है कि 2018 के विधानसभा चुनावों में कम से कम 15 सीटें ऐसी थीं जहां हार-जीत का अंतर 5 हजार से भी कम मतों का था। 10 हजार या उससे कुछ अधिक अंतर वाली सीटों की संख्या भी लगभग 10 थी। इस तरह 90 में से 25 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां आम आदमी पार्टी ने अगर जोर लगाया तो नुकसान कांग्रेस का हो जाएगा। कांग्रेस के वोट बंट जाएंगे और सीट भाजपा की झोली में चली जाएगी। इसलिए सांड-बछरू जैसी फालतू की बातों में उनकी ज्यादा रुचि नहीं है। फिलहाल वो 'आप' की घोषणाओं का आकर्षण कम करने में जुटे हैं।




## संपादकीय

# विशाल तारे की खोज

इंसानों ने ऐसे अद्भुत टेलीस्कोप बना लिए हैं, जिनकी मदद से हजारों प्रकाश वर्ष दूर अंतरिक्ष में झांकना संभव हो गया है। केप्लर स्पेस टेलीस्कोप की मदद से एक ऐसा तारा देखा गया है, जो सूरज से ज्यादा गरम है और आकार में बृहस्पति से करीब 80 गुना बड़ा है। यह तारा पृथ्वी से 1,400 प्रकाश वर्ष दूर है। इसकी शुरुआती खोज इस सदी के पहले दशक में हो गई थी, पर इसके बारे में अब जाकर सुनिश्चित जानकारियां सामने आ रही हैं। खगोलविद बड़े टेलीस्कोप की मदद से इसे लगातार देख रहे हैं। हालांकि, शोधकर्ता टीम का मानना है कि एक नहीं, बल्कि दो तारों का एक तंत्र है, जिसे द्विआधारी प्रणाली भी कहा जा रहा है। इजरायल में 'वेइजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस' की एक टीम ने, जिसका नेतृत्व खगोलशास्त्री नामा हल्लाकौन ने किया है, हाल ही में डाटा की जांच की और पाया कि सिस्टम में एक सफेद और एक भूरे तारे की संभावना है। ये खगोलीय पिंड परस्पर अधिक भिन्न नहीं हो सकते। सफेद तारा एक तारकीय अवशेष है। साथ ही, एक भूरा तारा भी है, जिसका द्रव्यमान बृहस्पति से दर्जनों गुना अधिक हो सकता है। इस डब्ल्यूडी 0032-317 जोड़ी में भूरा तारा, जिसे बड़े आकार के बावजूद बौना तारा कहा जा रहा है, इतना चमकीला क्यों है? एक अनुमान यह भी है कि इस तारे का द्रव्यमान बृहस्पति से 80 गुना से अधिक हो सकता है। अभी तक जितने ऐसे तारे देखे गए हैं, उनमें यह शायद सबसे बड़ा है। हालांकि, इतनी दूर से जारी शोध में यह भी पता चला है कि इस भूरे तारे की अपनी कोई गरमी नहीं है, इसके बजाय निकट से परिक्रमा कर रहे सफेद तारे द्वारा उस पर विकिरण की बमबारी की जा रही है। इसकी वजह से इस तारे पर दिन का तापमान 14,000 डिग्री फारेनहाइट (7,700 डिग्री सेल्सियस) है और रात का तापमान 11,000 डिग्री फारेनहाइट (5,700 डिग्री सेल्सियस) है। हमारे सूर्य का सतह पर तापमान लगभग 10,000 डिग्री फारेनहाइट (5,500 डिग्री सेल्सियस) है। मतलब, स्पष्ट है, नए खोजे गए तारे का तापमान सूर्य के तापमान से लगभग 2000 डिग्री सेल्सियस अधिक है। हमारे ब्रह्मांड में कई विचित्र ब्रह्मांडीय पिंड हैं। ऐसे पिंड भी हैं, जो अपने ग्रह या तारे की बहुत करीब से परिक्रमा करते हैं। कुछ तो इतने करीब से परिक्रमा करते हैं कि परिक्रमा कुछ हफ्तों या घंटों में ही पूरी हो जाती है। खगोलविद इसे नया बृहस्पति भी बता रहे हैं। इस नई खोज से संबंधित रिपोर्ट नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है। दो पिंड या दो तारे कौतूहल का विषय बने हुए हैं। यह दो-तारा प्रणाली वैज्ञानिकों को विशेष रूप से बृहस्पति ग्रह के गरम वातावरण का अध्ययन करने का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है। साथ ही, ग्रहों और तारकीय विकास के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में भी मदद करती है। वैज्ञानिक लगातार तारों की खोज में लगे हुए हैं, 100 अरब से ज्यादा तारे अभी तक खोज लिए गए हैं। अगर अरबों तारों के बीच यह भूरा तारा सबसे गरम या बहुत बड़ा है, तो जाहिर है, यह गहरे अध्ययन का विषय है। तारों को खंगालना इसलिए भी जरूरी है, ताकि कहीं अगर जीवन या जीवन जैसी संभावना हो, तो उसका अध्ययन किया जा सके। तारों का संसार विचित्र है और यह हमें निरंतर चुनौती दे रहा है कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। आज हम अंतरिक्ष में झांक रहे हैं और कल तय है, हम तमाम मुमकिन तारों तक पहुंचेंगे।

" इतनी दूर से जारी शोध में यह भी पता चला है कि इस भूरे तारे की अपनी कोई गरमी नहीं है, इसके बजाय निकट से परिक्रमा कर रहे सफेद तारे द्वारा उस पर विकिरण की बमबारी की जा रही है। इसकी वजह से इस तारे पर दिन का तापमान 14,000 डिग्री फारेनहाइट (7,700 डिग्री सेल्सियस) है और रात का तापमान 11,000 डिग्री फारेनहाइट (5,700 डिग्री सेल्सियस) है।

## अब यह नया खतरा

दुनिया अब तक कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के असर से नहीं उबरी है। ये घटनाएं खाद्य संकट और महंगाई का कारण बनीं। इसी बीच अब खबर है कि मौसमी परिघटना अल नीनो प्रभाव का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इसके कारण आने वाले महीनों में तापमान बहुत अधिक रहेगा और मौसमी आपदाओं की संख्या भी बढ़ सकती है। विश्व मौसम संगठन के मुताबिक पिछले महीने ही अल नीनो की शुरुआत हो चुकी है। प्रशांत महासागर में अधिक तापमान के साथ शुरू होने वाला यह प्रभाव अक्सर नौ से 12 महीने तक रहता है। साल के आखिर में इसका असर सबसे ज्यादा होने की संभावना है। वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वॉर्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं। पहले भी जब अल नीनो प्रभाव आया तो पानी से पैदा होने वाली बीमारियों और अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार में वृद्धि देखी गई थी। अल नीनो के कारण बारिश की मात्रा और बारंबारता बढ़ जाती है, जिससे पानी जमा होता है। इस कारण मच्छर आदि अधिक तापमान में पैदा होने वाले जीव बढ़ जाते हैं और संक्रामक रोग फैलते हैं।

1998 में जब अल नीनो आया था तो कई जगह मलेरिया महामारी बन गया था। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि अल नीनो के कारण जंगल की आग जैसी घटनाओं में कितनी वृद्धि होती है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह खतरा भी बढ़ जाता है। एक अनुमान के मुताबिक पिछली गर्मियों में सिर्फ यूरोप में गर्मी से 61 हजार लोगों की जान गई थी, जबकि तब अल नीनो प्रभाव नहीं था। इस साल जुलाई को इतिहास में अब तक का सबसे गर्म महीना आंका गया है। देखा गया है कि जिस साल अल नीनो सक्रिय होता है, उस साल दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे इलाकों के कई देशों में खराब फसल होने की आशंका ज्यादा होती है। इसका असर खाद्य के अभाव और महंगाई के रूप में सामने आता है। यह खतरा फिलहाल मंडरा रहा है।

## शिंदे सरकार में कौन कैसे मंत्री बना?

महाराष्ट्र राजनीतिक प्रहसन वाला राज्य बन गया है। जितने तरह के राजनीतिक तमाशे हो सकते हैं सब वहां हो रहे हैं। शिव सेना के तमाशे के बाद एनसीपी का तमाशा अभी चल ही रहा है इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के एक नेता ने बहुत दिलचस्प बातें बताई हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में विस्तार से बताया कि इस सरकार में कौन नेता कैस मंत्री बना है। शिंदे गुट के विधायक और विधानसभा में मुख्य सचेतक भरत गोगावले खुद मंत्री पद के दावेदार हैं। उनको पहली बार में मौका नहीं मिला। इस बारे में वे जनता को किस्से सुना रहे थे कि पहली बार में उनको मौका क्यों नहीं मिला। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि क्या क्या कारण बता कर लोग शिंदे सरकार में मंत्री बन गए।

गोगावले ने बताया कि एक विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगर वे मंत्री नहीं बनते हैं तो उनकी पत्नी खुदकुशी कर लेगी। सो, पत्नी का मन रखने और जान बचाने के लिए उनको मंत्री बना दिया जाना चाहिए। इस आधार पर वे मंत्री बन गए। एक विधायक ने कहा कि अगर वे मंत्री नहीं बने तो उनके इलाके के बड़े भाजपा नेता नारायण राणे उनको खत्म कर देंगे। सो, खत्म किए जाने का डर दिखा कर उन्होंने दबाव बनाया और मंत्री बन गए। इसी तरह एक विधायक ने कहा कि अगर उनको मंत्री नहीं बनाया जाता है तो वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। सो, एक एक सीट के लिए मारामारी के समय में कौन एक विधायक का इस्तीफा होने देता इसलिए वे मंत्री बन गए। भरत गोगावले ने बताया कि ऐसे ही लोगों की वजह से वे खुद मंत्री नहीं बन पाए।

" सस्ते ब्याज पर मिलने वाला यह कर्ज अपना कारोबार बढ़ाने के लिए दिया जाएगा। यूं देखें, तो यह सारा काम सिर्फ शहरों में नहीं, गांवों में भी हो सकता है। हर गांव के अपने लुहार, कुम्हार, मोची और दर्जी तो हुआ ही करते थे, मगर पिछले कुछ वर्षों से धीरे-धीरे ये भी गायब होते जा रहे हैं। इन परंपरागत कामों में लगे बहुत से लोग इसलिए भी गांवों से निकल गए कि उन्हें शहरों में नौकरी करना ज्यादा मुफीद लग रहा था।

# हुनर से ही बढ़ेगी तरक्की की रफ्तार

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

खेती, किसानी की जरूरतों और मौसम के मिजाज को जबर्दस्त तरीके से समझने वाले महाकवि घाघ का यह कथन सदियों से हिंदी पट्टी में पढ़ा और रटा तो खूब जाता है, लेकिन असलियत इसके विपरीत हो चुकी है। भीख को तो छोड़ दें, चाकरी यानी नौकरी, वह सरकारी हो या निजी, रोजगार का दूसरा नाम बन चुकी है। यह किस्सा भी आज का नहीं है। अंग्रेजों के राज में सरकारी नौकरी का आकर्षण शुरू हुआ और आजादी के बाद से वह लगातार बढ़ता ही रहा।

दूसरी तरफ, गांवों में खेती पर निर्भर परिवारों या छोटे कारोबारियों की जिंदगी में तकलीफें बढ़ती रहीं। परिवार बढ़ने के साथ खेतों का बंटवारा होता गया और धीरे-धीरे जोत इतनी छोटी हो गई कि खेती से गुजारा होना भी मुश्किल होता गया। ऐसा ही हाल दुकान चलाने वालों या छोटे कारोबार में लगे परिवारों का भी हुआ। नतीजतन, खेती या व्यापार में मुनाफा न देखकर हर परिवार से एक या ज्यादा लोग नौकरी तलाशने या नौकरी करने शहर की ओर निकल पड़े। सन् 1901 की जनगणना के अनुसार, देश की 11.4 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती थी, जबकि यही आंकड़ा 2001 तक 28.53 फीसदी हो चुका था, और विश्व बैंक के मुताबिक, 2017 तक भारत की 34 प्रतिशत आबादी शहरों में आ चुकी थी। विश्व बैंक के एक सर्वे का नतीजा है कि 2030 तक यह आंकड़ा 40.76 प्रतिशत हो चुका होगा।

शहरों की आबादी बढ़ना कोई गलत बात नहीं है। दुनिया का नक्शा देखें, तो अमीर देशों की ज्यादा बड़ी आबादी शहरों में रहती है। यानी, देश की समृद्धि बढ़ने का एक पैमाना शहरों की आबादी भी है और



आबादी में कम होने के बावजूद देश की कमाई में शहरों की हिस्सेदारी बाकी देश के मुकाबले कहीं ज्यादा है। अभी देश की जीडीपी में शहरों की हिस्सेदारी करीब 63 प्रतिशत है और सीबीआरई और क्रेडाई के एक अध्ययन के अनुसार, 2031 तक जीडीपी का 75 प्रतिशत हिस्सा शहरों से ही आएगा।

जाहिर है, शहर बढ़ेंगे, शहरों में आबादी बढ़ेगी और उस आबादी की जरूरतें भी। इन सबको पूरा करने के लिए भी शहरों में ही रोजगार के मौके बनेंगे। सरकार को समझ में आ रहा है कि बेरोजगारी की समस्या से निपटने का सबसे अच्छा रास्ता यही है कि लोगों को तरह-तरह के कामों का प्रशिक्षण देकर इस लायक बना दिया जाए कि वे अपना काम शुरू कर सकें। पिछले हफ्ते ही केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए 13,000 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है। इसके तहत बढ़ई, लुहार, सुनार, कुम्हार, मोची, दर्जी जैसे 18 किस्म के परंपरागत कामों में लगे लोगों को पहले दौर में एक लाख रुपये और उसके बाद दो लाख रुपये का कर्ज दिया जाएगा। सस्ते ब्याज पर मिलने वाला यह कर्ज अपना कारोबार बढ़ाने के लिए दिया जाएगा। यूं देखें, तो यह सारा काम सिर्फ शहरों में नहीं, गांवों में भी हो सकता है। हर गांव के अपने लुहार, कुम्हार, मोची और दर्जी तो हुआ ही करते थे, मगर पिछले कुछ वर्षों से धीरे-धीरे ये भी गायब होते जा रहे हैं। इन परंपरागत कामों में लगे बहुत से लोग इसलिए भी गांवों से निकल गए कि उन्हें शहरों में नौकरी करना ज्यादा मुफीद लग रहा था।

हालांकि, दूर के ढोल सुहावने होते हैं, यह कहावत साकार देखनी है, तो करीब-करीब हर छोटे-बड़े शहर में सुबह-सुबह उन ठिकानों पर जाकर देखें, जहां घर बनाने के काम करने वाले मजदूर और मिस्त्री अपने लिए काम तलाश रहे होते हैं। नौ बजते-बजते वहां मायूसी छाने लगती है और दस बजे तक तो मुर्दनी छा जाती है। आधे से ज्यादा लोग हर रोज बेकार वापस लौटते हैं। मगर सिक्के का दूसरा पहलू भी है। जिस दौर में गांवों में हुनरमंद कारीगरों की जिंदगी मुश्किल हो रही थी, करीब-करीब उसके साथ ही भारत में एक नई इबारत भी लिखी जाने लगी थी। खासकर 1991 के आर्थिक सुधारों व राजीव गांधी के दौर की संचार क्रांति ने देश के कोने-कोने में अचानक बहुत से लोगों के लिए नए दरवाजे खोल दिए।

मनरेगा के बाद तस्वीर कुछ और बदल गई। गांवों में लोगों को मामूली मजदूरी का मेहनताना अच्छा मिलने लगा, तो बाकी सारे काम की रेट लिस्ट भी बदल गई। आजकल शहरों में उन लोगों का भाव देखने लायक है, जो किसी खास काम में पारंगत हैं। यहां तक कि अच्छे काम के लिए मशहूर दर्जी या नाई के पास समय मिलना भी मुश्किल है। दूसरी तरफ ओला, उबर, जोमैटो, स्विगी या अर्बन कंपनी जैसे एप चलाने वालों ने काम और कामगार का रिश्ता बदल दिया। अब तो रोजगार के आंकड़े जुटानेवाले सर्वे भी ऐसे 'गिग वर्कर्स' की गिनती को रोजगार में जोड़ रहे हैं, और सरकारों को भी समझ में आ रहा है कि यह एक नई बिरादरी है, जिसे खुश करके उनका कल्याण हो सकता है। इससे बड़ी बात यह है कि सरकार को और विशेषज्ञों को यहीं रोजगार की समस्या का सबसे सटीक इलाज दिख रहा है। केंद्र सरकार के 'स्किल इंडिया' पोर्टल पर एक नजर डालने से पता चलता है कि किस-किस तरह के नए काम बाजार में हैं, जिनके लिए बाकायदा ट्रेनिंग मिल रही है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 60-70 श्रेणियां हैं, जिनके तहत दर्जनों कामों की ट्रेनिंग दी जा रही है।

पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा-व्यवस्था को लेकर सबसे बड़ी शिकायत यही है कि कॉलेजों से डिग्री लेकर निकलने वाले लोग भी रोजगार के लायक नहीं हैं, तो सिर्फ शुरुआती पढ़ाई के बाद ही सीधे रोजगार तक पहुंचाने वाली ट्रेनिंग क्या इस समस्या का जवाब है? हो सकता है कि यह पूरा जवाब न हो, लेकिन युवा आबादी के बड़े हिस्से के लिए एक सुरक्षित भविष्य का रास्ता तो है ही। बात इससे आगे भी जा सकती है।

इंग्लैंड का एक किस्सा है कि एक डॉक्टर साहब ने किसी काम के लिए प्लंबर को बुलाया, प्लंबर ने बताया कि आधे घंटे के काम के 40 पाउंड लगेंगे। डॉक्टर ने कहा, भाई मैं डॉक्टर हूं और आधे घंटे के 30 पाउंड ही लेता हूं। जवाब मिला, जब मैं डॉक्टर था, तो इतना ही लेता था। यह मजाक लग रहा है, लेकिन है नहीं। अमीर देशों में ऐसे कामों में पैसा और इज्जत, दोनों ही काफी ज्यादा हैं, जिन्हें हमारे देश में निचले दर्जे का काम समझा जाता रहा है। हालांकि, अब तस्वीर काफी तेजी से बदल रही है। शायद इसीलिए, लोगों को हुनरमंद बनाने की मुहिम का स्वागत ही होना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मुख्यमंत्री की बात पर कितना भरोसा कर सकेगा मणिपुर

चंदन कुमार शर्मा, प्रोफेसर, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में राज्य में साढ़े तीन महीने से चल रहे जातीय संघर्ष के लिए 'कुछ गलतफहमियों, कुछ निहित स्वार्थी तत्वों और देश को अस्थिर करने वाले विदेशी षड्यंत्रकारियों' को जिम्मेदार माना है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उनकी सरकार हालात सामान्य बनाने के हरसंभव उपाय कर रही है और प्रभावित लोगों का जल्द पुनर्वास किया जाएगा। राज्य में शांति व स्थिरता के लिए उन्होंने 'एक परिवार एक आजीविका' योजना तैयार करने की बात भी कही और राज्य के लोगों से हिंसा रोकने व पहले की तरह शांतिपूर्वक रहने का आह्वान किया। उनके शब्द थे, 'गलती इंसानों से ही होती है, इसलिए हमें माफ करना और भूलना सीखना चाहिए।

मगर क्या उनकी ये बातें लोगों में भरोसा पैदा कर सकेंगी? उल्लेखनीय है कि समर्थकों के दबाव के कारण अपना इस्तीफा न सौंपने के ठीक एक दिन बाद 1 जुलाई को भी उन्होंने कुकी नेताओं से शांति की बात कही थी और 'भूल जाओ व माफ करो' का आह्वान किया था। हालांकि, अब दोनों समुदायों के तमाम लोग यही मानते हैं कि मुख्यमंत्री, कार्रवाई करने में उनकी शिथिलता और केंद्र सरकार की चुप्पी ने राज्य को अस्थिर किया है। यह सवाल पूछा जाने लगा है कि मौजूदा तनाव से कौन सा राजनीतिक एजेंडा साधा जा रहा है? यही वजह है कि मुख्यमंत्री के आह्वान को देर से उठाया गया, बेहद मामूली कदम बताया जा रहा है।

राज्य में मैतेई और कुकी के बीच संवाद के सारे रास्ते बंद नजर आ रहे हैं, बल्कि हिंसा की लहर पूर्वोत्तर के अन्य सूबों में फैलती दिख रही है। कुछ मिजो संगठन की धमकी के बाद मिजोरम से मैतेई का पलायन होने लगा है। हालांकि, मणिपुर के मुख्यमंत्री 'माफकरो और भूल जाओ' का आग्रह करते हैं, मगर जोमी चीफ्स एसोसिएशन ने मणिपुर में 'जो'



समूहों (कुकी-चिन) को म्यांमार के 'अवैध अप्रवासी' होने और 'अफीम की खेती करने वाले' बताने के लिए मुख्यमंत्री से सार्वजनिक माफी की मांग की है। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के बयान के बाद ही मैतेई संगठन जो जातीय समूहों को 'नार्को आतंकवादी' कहने लगे और उनके खिलाफ 'जंग' छेड़ने का आह्वान किया। ऐसे माहौल में राज्य में जल्द स्थिति सामान्य होने की उम्मीद करना कठिन है। बेशक, कुछ हद तक कानून व व्यवस्था बहाल हो जाएगी, लेकिन जातीय समुदायों के बीच हिंसा, नफरत और संदेह का जो घाव बन गया है, वह आने वाले कई वर्षों तक बना रहेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य की राजनीति पर नगा लोगों का वर्चस्व है, जो मुख्यत: मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं, और राज्य के दूसरे सबसे बड़े जातीय समूह हैं। उसने अब तक इस संघर्ष से दूरी बना रखी है। नगा नेताओं ने शांति की अपील जरूर की है, पर उनकी अपनी चिंताएं हैं। दरअसल, नेशनलिस्ट सोशलिस्ट कौंसिल ऑफनगालैंड अलग नगा राज्य नगालिम की मांग करती रही है, जिस कारण मैतेई से उसका तनाव चल रहा है। वैसे, 1990 के दशक की शुरुआत में जमीन के मुद्दे पर नगा लोगों का कुकियों के साथ भी विवाद हुआ था, पर तब से दोनों समुदाय काफी आगे बढ़ चुके हैं। उधर, 9 अगस्त को नगा समूहों की शीर्ष संस्था यूनाइटेड नगा कौंसिल ने 'इंडो-नगा' शांति प्रक्रिया को जल्द साकार करने की मांग की। उसने केंद्र को ऐसा कोई कदम न उठाने को कहा, जिससे नगा राज्य की राह में बाधा आए। यह बयान गौर करने लायक है, क्योंकि यह कुकियों द्वारा अलग शासन करने की मांग के संदर्भ में आया है। ऐसे में, यहां के गतिरोध को खत्म करने के लिए राज्य के नाजुक जातीय संतुलन को ध्यान में रखकर ही कदम उठाना होगा।

फिलहाल, हिंसा की आग को शांत करना जरूरी है। इसके लिए लोगों के हाथों से हथियार वापस लिए जाने चाहिए। विस्थापितों के पुनर्वास के लिए भी यथाशीघ्र कदम उठाने होंगे। इस बीच, जाति-समूहों के बीच सार्थक संवाद का माहौल तैयार करना होगा, क्योंकि संवाद से ही यहां की जटिल जातीय समस्याओं का राजनीतिक हल निकल सकता है। रही बात सीमा पार घुसपैठ के स्थायी समाधान की, तो इसके लिए केंद्र सरकार को सीमा-प्रबंधन पर गंभीरता से ध्यान देना होगा और एक प्रभावी शरणार्थी नीति बनानी पड़ेगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मध्य प्रदेश में भाजपा ने अपनाई कांग्रेस की रणनीति

हरिशंकर व्यास

लगता है कि कांग्रेस खुद ही अपनी रणनीति भूल गई है या किसी नई योजना के चक्कर में कर्नाटक की जीत का फॉर्मूला छोड़ रही है। कांग्रेस ने कर्नाटक में एक रणनीति बनाई थी, जिसमें उसने सबसे पहले अपनी कमजोर सीटों की पहचान की थी। ऐसी सीटों की, जहां पार्टी कई चुनाव से हार रही थी या जिन सीटों पर कांग्रेस का सामाजिक समीकरण बहुत अच्छा नहीं था। उन सीटों पर पार्टी ने सबसे ज्यादा मेहनत की। सबसे पहले उन्हीं सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हुई। वह रणनीति काफी सफल रही। कांग्रेस कर्नाटक में ऐसी कई सीटों पर जीती जो पारंपरिक रूप से कमजोर मानी जाती थी। अपनी इस रणनीति से कांग्रेस ने उत्तरी व तटीय कर्नाटक में भाजपा के गढ़ में तो ओल्ड मैसुरू के इलाके में एचडी देवगौड़ा के गढ़ में सेंधमारी की।

सो, हिसाब से कांग्रेस को इसी रणनीति को आजमाना था लेकिन ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस की बजाय भाजपा इस फॉर्मूले पर काम कर रही है। भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में एक दर्जन सर्वे कराए हैं और पहले कमजोर सीटों व कमजोर उम्मीदवारों की पहचान कराई। इसके बाद सबसे कमजोर सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। सोचें, अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। तभी





जब चुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई, तो सबको हैरानी हुई। कयास लगाए गए कि चुनाव तैयारियों के लिए बैठक हुई है। लेकिन बैठक के अगले दिन भाजपा ने मध्य प्रदेश की 39 और छत्तीसगढ़ की 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। ये सभी कमजोर सीटें हैं। भाजपा ने अपनी हारी हुई सीटों पर सबसे पहले उम्मीदवारों की घोषणा की है। ताकी उनको चुनाव की तैयारी करने का ज्यादा समय मिले और पार्टी के राष्ट्रीय नेता भी उनके लिए समय निकाल सकें।

भाजपा ने कमजोर सीटों पर कितनी बारीकी से काम किया है इसकी सबसे अच्छी मिसाल मध्य प्रदेश की गोहद विधानसभा सीट है, जहां 2018 में भाजपा के लाल सिंह आर्य लड़े थे और चुनाव हार गए थे। इस सीट से जीते कांग्रेस के विधायक रणवीर जाटव बाद में पाला बदल कर ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में चले गए। भाजपा ने उपचुनाव में उनको टिकट दिया लेकिन वे हार गए। उपचुनाव में हारने वाले इक्का-दुक्का उम्मीदवारों में से वे भी थे। तभी इस बार सिंधिया के तमाम सद्भाव के बावजूद भाजपा ने उनकी टिकट काट दी क्योंकि उसका आकलन था कि जब राज्य में सरकार बनने के बाद उपचुनाव में वे नहीं जीते तो इस बार नहीं जीतेंगे। उनकी टिकट काट कर भाजपा ने अपने 2018 में चुनाव लड़े अपने पुराने नेता और अनसूचित जाति मोर्चा के लाल सिंह आर्य को टिकट दिया। इस तरह भाजपा ने साफ मैसेज किया कि किसी के प्रति निष्ठा के नाम पर टिकट नहीं मिलने वाली है।

भाजपा ने अपने सर्वेक्षणों के आधार पर सीटों की चार श्रेणी बनाई है, जिसमें ए से डी श्रेणी तक की सीटें हैं। उसने टिकट का बंटवारा डी श्रेणी की सीटों से किया है। अगर भाजपा द्वारा घोषित सीटों को ध्यान से देखें तो कई में साफ दिखेगा कि उसने कांग्रेस की मजबूत सीटों को सबसे पहले टारगेट किया है। मध्य प्रदेश की 39 सीटों में से कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की सीटें ज्यादा हैं। भाजपा ने कांग्रेस के मुख्य रणनीतिकार दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह की सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है। कांग्रेस के दिग्गज और प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष बनाए गए कांतिलाल भूरिया की सीट पर भी भाजपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इनके अलावा जीतू पटवारी, विजय लक्ष्मी साधो, केपी सिंह, सुरेंद्र सिंह बघेल, अरिफ अकील, सचिन यादव आदि की सीट पर भी उम्मीदवारों की घोषणा हो गई है। इस तरह भाजपा ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेताओं की घेराबंदी का दांव चला है।

भाजपा ने आरक्षित सीटों पर जल्दी उम्मीदवार घोषित करने की रणनीति भी अपनाई है। मध्य प्रदेश में जिन 39 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हुई है उनमें से 21 सीटें आरक्षित श्रेणी की हैं। भाजपा ने अनुसूचित जाति की आठ और जनजाति की 13 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। भाजपा 2013 के चुनाव में इन 39 में से 29 विधानसभा सीटों पर जीती थी लेकिन 2018 में सभी सीटों पर हार गई। पार्टी को अंदाजा है कि 2013 की जीत नरेंद्र मोदी के नाम पर हुई थी, जिनको विधानसभा चुनावों से कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया गया था। इसलिए इन सीटों को पार्टी अपनी मजबूत सीट नहीं मान रही है। तभी पहले दौर में इन पर उम्मीदवार घोषित किए गए। भाजपा को लग रहा है कि अगर इनमें से कुछ भी सीट जीत गए तो वह बोनस है। ध्यान रहे पिछली बार 2018 में जब भाजपा हारी थी तब उसके वोट कांग्रेस से ज्यादा थे और उसकी सीटों में कांग्रेस से सिर्फ पांच कम थीं। कांग्रेस को 114 और भाजपा को 109 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा का वोट 41.02 फीसदी था और कांग्रेस का वोट 40.89 फीसदी था। सोचें, 15 साल राज करने के बाद जब भाजपा हारी तो उसका सिर्फ 3.86 फीसदी वोट कम हुआ। वह जीतने वाली पार्टी से वोट प्रतिशत में आगे रही थी। इस हकीकत को ध्यान में रख कर कांग्रेस को अपनी रणनीति बनानी चाहिए थी लेकिन वह अति आत्मविश्वास में दिख रही है और यह उसके लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### चार स्थानों पर रूकेगी संकल्प यात्रा

**कोरबा।** प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष मोतीलाल साहू ने कोरबा आकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया कि 1 सितंबर से संकल्प यात्रा निकल रही है। यह संकल्प यात्रा बस्तर व जशपुर से निकलेगी। कोरबा जिले में चार स्थानों पर संकल्प यात्रा का स्वागत करते हुए सभा ली जाएगी। पाली विधानसभा क्षेत्र के लैंगाए कटघोरा, घंटाघर चौक व करतला में यह सभाएं होंगी। जिसकी तैयारी करने के लिए कहा गया है। बैठक में विधायक ननकीराम कंवर वरिष्ठ नेता लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, आकाश सक्सेना, डॉ.आलोक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। संकल्प यात्रा को लेकर और अलग-अलग बैठक होगी जिसमें तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। इधर भाजपा के विधायक सभी विधानसभा क्षेत्रों में आने के लिए तैयारी कर रहे हैं। रायपुर में प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम होने के बाद वे सीधे विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेंगे। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक संतोष सिंह आएंगे। उन्हें लेने के लिए संयोजक नरेश टंडन, राजेंद्र राजपूत, हरिश थरवानी आज रायपुर जाएंगे। इसी तरह अन्य तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी विधायकों को लेने के लिए रायपुर जाएंगे। इधर युवा मोर्चा जिला कार्य समिति की बैठक चांपा में आयोजित की गई है। इसमें संभाग अध्यक्ष रितेश मोरे व चांपा विधानसभा सहप्रभारी सुभाष राठौर चांपा के लिए रवाना हुए हैं।

### चित्रकला और रंगोली के माध्यम से मतदान के महत्व को बताने का प्रयास किया केएन कॉलेज की छात्राओं ने

**कोरबा।** कमला नेहरु महाविद्यालय में स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, प्राचार्य ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को दिलाई मतदाताओं को जागरुक करने की शपथ। देश में एक सशक्त, मजबूत और प्रभावशाली लोकतंत्र का निर्माण करने अधिक से अधिक मतदान आवश्यक है। यही आवश्यकता मतदाताओं को समझाने कमला नेहरु महाविद्यालय में स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरुकता के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला व रंगाली प्रतियोगिताएं भी रखी गई। इस सांस्कृतिक प्रस्तुति में उन्होंने खूबसूरत पेंटिंग और रंग.बिरंगी रंगोली सजाकर मतदान के महत्व से रुबरु कराया और मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयास अनिवार्य रुप से करने प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ.प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को जागरुक करने का संकल्प भी लिया। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के दिशा-निर्देश पर कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप योजना के तहत शनिवार को हुए कार्यक्रम में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति जागृति लाने की पहल की गई। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता दी। निर्णायकगणों में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अजय मिश्रा, श्रीमती सुशीला कुजूर व श्रीमती प्रीति द्विवेदी उपस्थित रहीं। स्वीप प्रभारी श्रीमती ज्योति दीवान ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से चित्रकला एवं रंगोली के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति जागरुकता एवं महत्व को समझाने का प्रयास किया गया।

## विधायक देवेन्द्र की प्रगति यात्रा का दूसरा दिन

# सेक्टर- 7 में घर-घर पहुंचे, माताओं ने तिलक लगाकर किया स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रगति यात्रा के दूसरे दिन रविवार को सेक्टर 7 में लोगों के साथ 15 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस दौरान 85 लाख के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक ने महाराणा प्रताप भवन के पास चाय होटल में लोगों के साथ बैठकर चाय पी और लोगों के साथ प्रगति यात्रा शुरू की। इस दौरान प्रत्येक गली मोहल्ला से होते हुए लोगों से मिलते गए और विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कई सौगात भी दी।

पूरे सेक्टर 7 का दौरा करते हुए पैदल पैदल विधायक देवेंद्र यादव रसियन काम्प्लेक्स पहुंचे। जैसे ही विधायक देवेंद्र पहुंचे उससे पहले ही क्षेत्र के लोग गेट पर उनके स्वागत की तैयारी कर रखे थे। कॉलोनी की महिलाओं विधायक देवेंद्र यादव को माला पहनकर और तिलक लगाकर विजय भव: का आशीर्वाद दिया। क्षेत्र के वरिष्ठ जनों ने भी स्वागत किया और उन्हें कालोनी में ले गए। जहाँ लोगों ने पहले से ही कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। माताओं ने विधायक के लिए स्वागत गीत गाये और कहा कि आप नेता नहीं हमारे बेटा हो। आप को देख के बहुत खुशी होती है। माताओं ने विधायक से कहा कि इस बार जल्दी जा रहे हो पर जल्द आना और सब साथ मे खाना खाएंगे। रशियन कॉम्प्लेक्स की माताओं ने विधायक के समक्ष कुछ मांग रखी। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा पहले यहां कभी कोई काम नहीं हुआ था,लेकिन हमने शुरुआत की । पेवर ब्लॉक लगाने से कम से कम काम तो शुरू हुआ। उम्मीद जगी की कोई तो कोई काम किया। कोई तो सोंचा। मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। सब को बिजली बिल का लाभ मिलेगा। लीज डीड की योजना का लाभ। ओपन जिम बनाएंगे। बच्चो के लिए बस स्टॉप बनाएगे। सफई भी करवाएगे। लाइट की व्यवस्था की है मंगवा लिए है जल्द ही लग जायेगी।

### 15 किलोमीटर चले विधायक देवेन्द्र

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार लोगों से मिल रहे हैं उनके संपर्क में हैं और घर-घर जाकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं। वे भिलाई ही नहीं बल्कि प्रदेश के पहले ऐसे विधायक हैं, जो विधायक बनने के बाद से लेकर लगातार अलग-अलग आयोजन के माध्यम से लोगों के घर घर पहुंचकर उनके समस्याओं को जानने और उसका निदान करने की लगातार कोशिश में जुटे हुए हैं।

पहले भी वे भेंट मुलाकात के माध्यम से लोगों के घर घर जाकर मिले थे और अभी प्रगति यात्रा की शुरुआत उन्होंने की है। आज यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने सेक्टर सेवन के सभी दिल्ली और घर तक पहुंचे दिन भर में कुल 15 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। जबकि यात्रा के पहले भी वह सेक्टर 9 कि वार्ड में 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा किए थे। इस प्रगति यात्रा के दौरान वे 251 किलोमीटर से पदयात्रा पूरे भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में करने वाले हैं। विधायक श्री यादव जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी को समाप्त कर दिए।



### बड़े बुजुर्गों का मिल रहा आशीर्वाद

इस प्रगति यात्रा में सैकड़ो की संख्या में वार्ड के लोग शामिल हो रहे हैं आज जब सेक्टर 7 यात्रा की शुरुआत की गई तब लोग अपने घर से बाहर निकाल कर विधायक के अंदर यादव का उसको माला से स्वागत किया उनकी आरती उतारी और तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किए। इस दौरान विधायक श्री यादव ने वरिष्ठ नागरिकों व माताओं के चरण छूकर प्रणाम किए। लोगों ने विधायक को दिल से आशीर्वाद दिए। हर घर- परिवार के बड़े बुजुर्ग विधायक देवेंद्र यादव को आशीर्वाद दे रहे हैं। युवाओं में भी काफी क्रेज है। युवाओं ने भी जोरदार स्वागत किया और वे भी विधायक के साथ पैदल यात्रा में कदम से कदम मिलाकर साथ चले।

### साहू समाज की वर्षो पुरानी मांग पूरी

यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने साहू समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया। सालों से साहू समाज के लोग अपने सामाजिक आयोजनों के लिए एक भवन की मांग कर रहे थे, लेकिन कभी किसी नेता ने उनकी एक मदद नहीं की। फिर वे विधायक से अपनी बात रखी। विधायक ने तत्काल पहल की और साहू समाज के लिए सेक्टर सेवन में एक भव्य सर्व सुविधा युक्त डोम शेड के निर्माण की घोषणा की। घोषणा के साथ ही विकास कार्य भी शुरू करवा दियए है। यहाँ डोमशेड में दो कमरे भी बनाये जायेगे। निर्माण कार्य से समाज में काफी हर्ष और उत्साह का माहौल है। आज जब सेक्टर 7 में प्रगति यात्रा की गई तब साहू समाज के लोग विधायक के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। तब क्षेत्र के लोगों ने डोम शेड की साइज और बढ़ाने की मांग की जिसे भी विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल आश्वासन दिया और बढ़ाने की घोषणा की। प्रगति यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर 7 के लोगों को 85 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों की सौगात दी है। इसमें कोई विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया और विकास कार्य जो पूर्ण हो चुके हैं, उनका विधायक ने जनता के हाथों से लोकार्पण भी करवाया। विधि विधान के साथ वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ विधायक देवेंद्र यादव ने भूमि पूजन किया और विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को दिए। साथ ही जो विकास कार्य कंप्लीट हो चुके हैं उनके फीता काटकर लोकार्पण किया गया। क्षेत्र के नागरिकों को विकास कार्य के लिए बधाई दी। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि यही मेरा काम है और आप लोगों की सेवा क्षेत्र का विकास भिलाई की भलाई यही मेरा धर्म है, यही मेरा कर्तव्य। जिसे मैं ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। मुझे भिलाई की जनता ने हमेशा अपने बेटे और छोटे भाई की तरह प्यार दिया है और इसीलिए मैं भी अपना धर्म और कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से निभा रहा हूं।

### इन विकास कार्यों की दी सौगात

महाराणा प्रताप भवन में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इसका भूमि पूजन किया गया।
रेलवे बस्ती में एक पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा।
रेलवे बस्ती में मंदिर के पास पेवर ब्लॉक और सीमेंटकरण किया जाएगा।
सेक्टर 7 तालाब में शौचालय का निर्माण किया जाएगा।
सड़क 9 में सेड का निर्माण किया जाएगा।
सेक्टर 7 में नाली और पुलिया का निर्माण कार्य किया जाएगा।
सड़क 24 में गणेश मंच का निर्माण किया जाएगा।

# हौसले के साथ फैसले लिए स्व. राजीव नेः जमील



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान एचएससीएल कालोनी रूआबांधा में रविवार को देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए और अपनी श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला के साथ स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में अधिवक्ता जमील अहमद ने स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। जिसमें स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा शुरू किए गए कंप्यूटराइजेशन, उद्योगों का आधुनिकीकरण और युवाओं के रोजगार की सोच पर रोशनी डाली। उन्होंने देश के महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर द्वारा कहे गए उद्बोधन कि अगर हौसला नहीं होगा तो फैसला नहीं होगा, यह उक्ति स्व. राजीव गांधी पर सटीक बैठती है। अपने उद्बोधन में प्रतिष्ठान के संयोजक आरपी शर्मा ने राजीव गांधी द्वारा प्रधानमंत्रित्व काल में देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने की कोशिशों का विशेष उल्लेख किया।

# दुनिया में स्व. राजीव गांधी का नाम अमर रहेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने खर्सीपार स्टेडियम में शहीद राजीव गांधी जी के आदमकद प्रतिमा में 79वें जयंती के अवसर पर सज्जन दिक्षित, तुलसी साहू, के.कोटेश्वर राव समयलाल साहू ने माल्यअपर्ण कर जन्मदिन मनाया और राजीव गांधी जी के कार्यकाल में देश के लोगों को जो लाभ मिला उसको भूलाया नहीं जा सकता है।



कुरैशी ने कहा राजीव गांधी अपने भाषणों में हमेशा 21वीं सदी में तरक्की की चर्चा टेलीफोन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के जरिये देश का विकास पंचायत के माध्यम से पूरे देश के गांव में तरक्की के लिए एवं महिलाओं को अधिकार दिया देश के नौजवानों के 21 वर्ष मतदान की उम्र को 18 वर्ष किया राजीव गांधी जी के सोच को साकार करने के लिए 1992 में 73, 74 संविधान संशोधान के जरिये पंचायती राज का उदय हुआ देश के हजारों गांव में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना कि जिसमें बच्चों को 6 वीं से लेकर 12वीं तक मुफ्त शिक्षा, हॉस्टल में रहने की सुविधा आज कई हजारों की तादाद में स्कूलें खुल गये है यह देश की बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में अब्दुल कादिर सिद्धिकी, तुलसी पटेल, डी कामराजू, श्रीमति मीरा बंजारे, राजेश कुमार, नईम बेग, अयाज खान, धर्मेंद वैष्णव,तमजीद अहमद, मुरलीधर, गोपाल यादव, दीदार भाई, गायत्री देवांगन, प्रमोद प्रभाकर, एल चैतन्य, अजय यादव, प्रसाद, कौशल्या देवी, जवाहर भगत, संजय लाखे, अजय यादव, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मण राव, दिनेश पाठक, विनय पांडे, रामेश्वर यादव, उषा सिंग, अंजनी सिंग, रामजीत राय, लखबीर सिंह, श्यामनारायण, भागवत, शमीम बानो, राजेश चैधरी, सुन्दर गुप्ता, टी नारायण, आदि उपस्थित थे।

# वैशाली नगर विधानसभा से दुर्गेश ताम्रकर ने टोकी ताल, कांग्रेस पार्टी से की टिकट की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीगसढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के फार्मूले पर दावेदारों ने आवेदन करना शुरू कर दिया है। दुर्ग जिले में इस समय वैशाली नगर विधानसभा हॉट सीट बना हुआ है और यहां दावेदारों की लंबी फेहरिस्त जमा हो रही है।

इसी कड़ी में सुपेला क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गा प्रसाद ताम्रकर (दुर्गेश ताम्रकर) ने भी टिकट की मांग की है। अपने लंबे राजनीतिक अनुभव व लगातार किए गए प्रयासों का हवाला देते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नाम आवेदन किया है।



दुर्गेश ताम्रकर के राजनीतिक सफर की बात करें तो वे वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मजदूर (इंटक) छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष है। इससे पहले वे विभिन्न पदों पर रहे हैं। 1998 में युवक कांग्रेस सुपेला कोसानाला वार्ड अध्यक्ष रहे। 2003 से 2008 तक ब्लॉक महामंत्री व 2009 में नगरीय निकाय के ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। दुर्गेश ताम्रकर 1998 से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं और तब से समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं।

### वैशाली नगर सीट जीत का दावा

आवेदन के माध्यम से दुर्गेश ताम्रकर ने अपने लंबे अनुभव के आधार पर जीत का दावा भी किया है। उन्होंने कहा है कि वैशाली नगर विधानसभा से उन्हें टिकट देने पर ताम्रकार समाज, सतनामी समाज के अलावा, यूपी बिहार के मतदाता उन्हें भरपूर सहयोग करेंगे। ताम्रकार समाज के 40 हजार तथा यूपी बिहार के 1 लाख 30 हजार मतदाता के साथ में विधानसभा क्रमांक 66 की जीत सुनिश्चित हो जायेगी। बता दें दुर्गेश ताम्रकर ने 2018 में भी वैशाली नगर सीट से टिकट की दावेदारी की थी लेकिन तक कांग्रेस ने बदरुद्दीन कुरैशी को टिकट दे दिया था।






## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में अब तक 696.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 696.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 20 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1233.1 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 324.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 607.5 मिमी, बलरामपुर में 627.8 मिमी, जशपुर में 555.9 मिमी, कोरिया में 667.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 679.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 810.0 मिमी, बलौदाबाजार में 690.9 मिमी, गरियाबंद में 638.4 मिमी, महासमुंद में 734.0 मिमी, धमतरी में 717.4 मिमी, बिलासपुर में 719.6 मिमी, मुंगेली में 860.1 मिमी, रायगढ़ में 775.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 609.1 मिमी, जांजगीर-चांपा में 587.7 मिमी, सक्ती में 590.4 मिमी, कोरबा में 678.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 682.4 मिमी, दुर्ग में 569.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 547.9 मिमी, राजनांदगांव में 775.9 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 891.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 716.9 मिमी, बालोद में 757.6 मिमी, बेमेतरा में 543.8 मिमी, बस्तर में 713.3 मिमी, कोण्डागांव में 544.6 मिमी, कांकेर में 664.0 मिमी, नारायणपुर में 623.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 809.0 मिमी और सुकमा में 1022.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### प्रत्याशी घोषित होते ही भाजपा में भगदड़ और बगावत : कांग्रेस

**रायपुर (ए)।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भर में धर्मांतरण के नाम पर बयानबाजी करने वाली भाजपा ने लुंड्रा से प्रबोध मिंज को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा गुड़ खाती है और उसको गुलगुले से परहेज है। भाजपा प्रत्याशियों की प्रोफाईल भाजपा के कथनी और करनी के अंतर को समझने के लिये पर्याप्त है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने इंदिरा बैंक के घोटाले में करोड़ो रुपये घूस लेने वाले तथा नक्सलियों को गृहमंत्री रहते चंदा देने वाले रामविचार नेताम को भी प्रत्याशी बनाया है रामविचार नेताम के परिजनों के ऊपर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा की जमीन को कूटरचित दस्तावेज और षड्यंत्र कर अपने नाम में कराने का आरोप है। जिसके कारण भाजपा के ही कार्यकर्ता उनके विरोध में है।

# मत्स्य नीति एवं मछली पालन को कृषि का दर्जा मिलने से मत्स्य पालन में अभूतपूर्व वृद्धिः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री फुंडहर में छत्तीसगढ़ निषाद समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले में स्थित ग्राम फुंडहर में आयोजित छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज प्रदेश संगठन भूमि पूजन एवं वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निषाद समाज मेहनतकश समाज है। हमारी सरकार ने निषाद समाज के हित में बहुत सारे निर्णय लिए। समाज के लोगों को सरकार में भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया। हमने मछुआ कल्याण बोर्ड बनाया और इसके अध्यक्ष को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया। केंवट समाज मछली पालन के व्यवसाय के जुड़ा हुआ है। समाज के कल्याण के लिए हमने मत्स्य नीति बनाई। मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया, जिससे मछली पालन में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने ''निषाद समाज की विभूतियां'' पुस्तक, तथा दुर्गा प्रसाद पारकर द्वारा रचित 'केंवट कुंदरा' नामक पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम. आर. निषाद मौजूद थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार सभी समाज को साथ लेकर चल रही है। सभी समाज के कल्याण के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। भेंट-मुलाकात के दौरान विभिन्न समाजों की मांग पर भवन निर्माण के लिए राशि दी गई है। जिस समाज के पास जमीन नहीं है उनके प्रस्ताव पर 10 परसेंट की दर से शासकीय जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना प्रारंभ किए गए। हमारी सरकार 67 प्रकार की लघु वनोपज की खरीदी कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जेब में पैसा पहुंचने आम लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य के हर जिले के हर ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं। गरीब बच्चों को अंग्रेजी में शिक्षा मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। हमारे द्वारा हाट बाजार क्लीनिक योजना से लेकर नए मेडिकल कॉलेज तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहारों को लोग उत्साह से मना सकें, इसके लिए राज्य शासन ने प्रमुख स्थानीय त्यौहारों में अवकाश की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ के लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए राम वन गमन पर्यटन परिपथ का भी विकास किया जा रहा है। कौशल्या माता मंदिर का विस्तार किया गया है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ निषाद समाज के उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद, गायत्री कैवर्त, मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य अमृता निषाद एवं देवकुमार निषाद सहित छत्तीसगढ़ निषाद समाज के अन्य जिलों के आए पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या के समाज के लोग मौजूद थे।

# राजीव गांधी जयंती पर युवा कांग्रेस ने निकाली सद्भावना पदयात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर युवा कांग्रेस ने कोमल अग्रवाल व मो. सिद्दीक के नेतृत्व में राजीव एक संकल्प के बैनर तले सद्भावना पदयात्रा निकाली। जयस्तंभ चौक से निकली पदयात्रा का राजीव गांधी चौक राजीव प्रतिमा के सामने समापन हुआ। कार्यक्रम में सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के विचारों पर चलकर मानवता व देश की सेवा करने का संकल्प लिया।




### युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं राजीव गांधी

कोमल अग्रवाल व मोहम्मद सिद्दीक ने कहा राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर देश को वैश्विक स्तर पर विकसित करने का प्रयास किया। वह युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति मानते थे। इसलिए युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। राजीव गांधी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। देश का युवा उनके सपनों के भारत को बनाने के लिए संकल्पित है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ,रेहान खान,राजेश केडिया,आनंद पांचाल ,वार्ड अध्यक्ष जावेद दद्दा,सागर वाकड़े, शरद गुप्ता, राजेश पाठक, एनएसयूआई से मुनेश गौतम, श्रेयांस शुक्ल, विजय बघेल, नईम, अनिल, राजेश कटारे, विजय बाफना, मोहम्मद शकील राजा, मुस्तफा खान, मोहम्मद शफीक, मोहम्मद वसीम, मयंक, अहफज, अमन, मोहित, रोहित कुणाल, नदीम खान, आकाश रंगा सहित कांग्रेस जन शामिल हुए।

# राज्य के 14 लाख से अधिक किसानों को 6290 करोड़ का कृषि ऋण

चालू खरीफ सीजन में लक्ष्य 103 फीसद वितरण हो चुका ऋण



**रायपुर।** राज्य में 14 लाख से अधिक किसानों को चालू खरीफ सीजन के लिए 6290 करोड़ 19 लाख 71 हजार रुपए का ऋण दिया जा चुका है, जो कि इस साल ऋण वितरण के लिए निर्धारित लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। खरीफ सीजन-2023 में राज्य के किसानों को 6100 करोड़ रुपए का अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी बैंको के माध्यम से दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसकी पूर्ति खरीफ के मध्य में ही हो चुकी है। सहकारी बैंकों द्वारा जरूरतमंद किसानों को खरीफ फसलों की बुआई, निदाई सहित अन्य कार्यों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण दिए जाने का सिलसिला लक्ष्य पूर्ति के बाद भी जारी है।

खरीफ सीजन-2023 में अल्पकालीन कृषि ऋण लेने के मामले में बालोद जिले के किसान सबसे आगे रहे हैं। अभी तक बालोद जिले के सर्वाधिक एक लाख 7 हजार 357 किसानों ने 430 करोड़ 5 लाख रुपए का ऋण आदान सामग्री एवं नगद के रूप में प्राप्त किया है। ऋण लेने के मामले में बेमेतरा जिला दूसरे नंबर पर है इस जिले के 99 हजार 511 किसानों ने 438 करोड़ 70 लाख रुपए का कृषि ऋण अपने-अपने क्षेत्र के सहकारी बैंको से प्राप्त किया है। ऋण लेने के मामले में तीसरे नंबर पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है, जहां के 96 हजार 589 किसानों ने 394.59 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त किया है।

इसी तरह खरीफ सीजन-2023 में अब तक रायपुर जिले के 67455, गरियाबंद के 43691, बलौदाबाजार-भाटापार के 96589, महासमुंद के 77772, धमतरी के 61719, दुर्ग के 71343, राजनांदगांव के 92,346, कबीरधाम के 82088, खैरागढ़ के 41789, मोहला-मानपुर- चौकी के 35830, जगदलपुर के 27677, कोण्डागांव के 28276, नारायणपुर के 5153, कांकेर के 61264, दंतेवाड़ा के 2516, सुकमा के 7639, बीजापुर के 11799, बिलासपुर के 61275, पेण्ड्रा-मरवाही के 5830, मुंगेली के 34235, जांजगीर के 34555, सक्ती 32656, कोरबा 17275, सरगुजा के 36989, बलरामपुर 19077, सूरजपुर के 34320, कोरिया 14075, मनेन्द्रगढ़ के 7426, रायगढ़ के 31319, सारंगढ़ के 20050 और जशपुर जिले के 13695 किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदाय किया गया है।

## भरोसे की झलक बयां कर रही हैं, छायाचित्र प्रदर्शनी

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की दुर्लभ चित्रों ने लोगों को किया आकर्षित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर राजधानी रायपुर के टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गयी छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जो कार्य किया है, वह भरोसेमंद और सराहनीय है। यह प्रदर्शनी पिछले 6 दिनों से चल रही है। प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी।



जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में देश को दिलाने में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा पिछले पौने पांच साल में हासिल की गई उपलब्धियों की भी जानकारी मिल रही है। स्कूली बच्चे और आम नागरिक इस प्रदर्शनी की सराहना कर रहे हैं। स्कूली बच्चों ने देश की आजादी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनारियों की योगदान पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी को काफी पसंद किया। छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जो कार्य किया है, वह भरोसेमंद और सराहनीय है।

छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए संतोषी नगर रायपुर निवासी और महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में पढ़ने वाले गुलशन विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं की जीवनी के साथ-साथ राज्य सरकार की राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूरों को सात हजार रुपये वार्षिक दी जाने वाली योजना की जानकारी काफी अच्छी लगी। राज्य के पांच लाख से अधिक गरीब मजदूरों को दी जा रही आर्थिक सहायता योजना सराहनीय है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के भाटागांव से आए बी.ए के छात्र अशोक गुप्ता और राकेश बंजारे ने मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गयी राजीव गांधी किसान न्याय योजना और प्रदेश के बेरोजगारों को भत्ता देने की योजना की प्रशंसा की।

लोधीपारा रायपुर से प्रदर्शनी देखने आए दीपांशु वर्मा और राहुल यादव ने बताया कि वे एक निजी फर्नीचर कंपनी में काम करते है। प्रदर्शनी देखकर उन्हें राज्य शासन द्वारा पढ़े-लिखे बेरोजगारों युवाओं के लिए संचालित योजनाओं के साथ ही श्रमिक कल्याण योजनाओं की भी जानकारी मिली है। प्रदर्शनी से निर्श्चित ही बहुत सारे बेरोजगार युवाओं को जानकारी मिली है। हमें उम्मीद है कि वे शासन के इन योजनाओं का लाभ जरूर लेंगे।

# मुख्यमंत्री ने नवीन तहसील कापू का किया वर्चुअल शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले में प्रशासनिक इकाईयों के सुदृढ़ीकरण एवं चहुमुंखी विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवीन तहसील कापू का शुभारंभ किया।

वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि कापू के नई तहसील बनने से यहां के लोगों को राजस्व संबंधी तथा अन्य कार्यों के लिए सुविधा मिलेगी एवं आसानी से कार्य होंगे। शासन द्वारा प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण किए जाने का प्रत्यक्ष लाभ जनसामान्य को मिलेगा। नवीन तहसील कापू की भौगोलिक सीमाएं उत्तर एवं पश्चिम में तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा, दक्षिण में तहसील धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ पूर्व में तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर की सीमा से लगी हुई है। गठित नवीन तहसील कापू में कुल ग्रामों की संख्या 60 है। जिसमें ग्राम पंचायत 41, जिसका क्षेत्रफल 326.48 वर्ग किलोमीटर है। कुल पटवारी हल्का नंबर 20 है। प्रस्तावित तहसील की कुल जनसंख्या प्रतिशत 62548 है।

वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष पुनीत कुमार राठिया, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, एसडीएम डिगेश पटेल, धरमजयगढ़ तहसीलदार भोजकुमार डहरिया, कापू तहसीलदार उज्जवल पाण्डेय, सीईओ जनपद शिवकुमार टंडन, आरआई, पटवारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183



# सबसे बोल्ड टीवी रियलिटी शो होस्ट करेंगी दिव्या अग्रवाल

## होगी रोमांस की सारी हदें पार

दिव्या अग्रवाल कई रियलिटी शो में बतौर प्रतियोगी हिस्सा रह चुकी हैं। हालांकि, इस बार पहली बार एक होस्ट की भूमिका निभाने वाली हैं। दिव्या को किस इश्क एन कनेक्शन्स (केआईएनके) नाम के एक रिलेशनशिप-बेस्ड रियलिटी शो की होस्टिंग के लिए चुना गया है। यह शो छह जोड़ों के एक-दूसरे के लिए प्यार का टेस्ट लेगा। दमन और दीव में फिल्माए गए इस शो में इन जोड़ों को मुश्किल सिचुएशन्स में रखा जाएगा। साथ ही, यह शो अतरंगी ओटीटी और टीवी पर आएगा।

दिव्या अग्रवाल स्प्लिट्सविला की रनरअप हैं और ऐस ऑफ स्पेस की विनर हैं। इसलिए, एक्ट्रेस को रिश्ते पर आधारित रियलिटी शो की मेजबानी करते देखना खुशी की बात होगी। केआईएनके में मसाला जोड़ने के लिए, जोड़ों के एक्स लवर्स भी नाटक, पछतावा, दिल टूटना और झगड़े पैदा करने के लिए ऐंटर करेंगे। विजेता बनने के लिए जोड़ों को कड़ी मेहनत करनी होगी। दिव्या अग्रवाल ने शो के बारे में कहा, इस शो ने कॉन्सेप्ट से ही मेरा ध्यान आकर्षित किया, बहुत सारे डेटिंग रियलिटी शो हैं, लेकिन यह काफी आशाजनक और ताज़ा लगता है। साथ ही, 5 साल पहले एक डेटिंग रियलिटी शो की प्रतियोगी होने से लेकर अब इसकी मेजबानी करने तक, भाग्य ने एक बड़ी भूमिका निभाई है। इस शो में काफी दिलचस्प प्रतियोगी हैं, और मैं टीवी और ओटीटी पर इस अनोखे शो को देखने के लिए दर्शकों का इंतजार नहीं कर सकता। दिव्या अग्रवाल 2017 में एमटीवी स्प्लिट्सविला 10 की रनरअप रही हैं। उन्होंने 2021 में बिग बॉस ओटीटी भी जीता। वह रागिनी एमएमएस: रिटर्न्स, कार्टेल और अभय सीरीज में भी दिखाई दी हैं।

# किंग ऑफ कोठा ने रचा इतिहास टाइम्स स्क्वायर पर पहुंचने वाली पहली मलयालम फिल्म बनी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता दुलकर सलमान इन दिनों अपनी फिल्म किंग ऑफ कोठा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है, जिसमें गैंगस्टर की भूमिका में अभिनेता जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। यह पैन इंडिया फिल्म मलयालम सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित होते हुए अब न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर तक पहुंच गई है। ऐसा करने वाली किंग ऑफ कोठा पहली मलयालम फिल्म है, जिससे दुलकर काफी खुश हैं।

दुलकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर लिखा, मैं अपने उत्साह को नहीं रोक पा रहा हूं। किंग ऑफ कोठा पहली मलयालम फिल्म बन गई है, जिसका ट्रेलर टाइम्स स्क्वायर पर दिखाया गया है। अभिनेता का कहना है कि वह कई बार टाइम स्क्वायर गए हैं, लेकिन कभी वहां स्क्रीन पर दिखाई देने का सपना नहीं देखा था। यह व्यक्तिगत रूप से उनके लिए बड़ी उपलब्धि है और सबसे बड़ी श्रद्धांजलि, जो वे मलयालम सिनेमा को दे सकते हैं। किंग ऑफ कोठा का ट्रेलर जारी होने के बाद शाहरुख खान ने ट्वीट कर दुलकर को बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की थी। दुलकर ने कहा, यह शायद पहली बार है कि शाहरुख ने किसी मलयालम फिल्म के बारे में ट्वीट किया। मैं उनका प्रशंसक हूं इसलिए यह मेरी लिए बड़ी बात थी। दुलकर का कहना कि शाहरुख के ट्वीट के बाद उनकी फिल्म की पहुंच भी बढ़ी है।

# निखिल सिद्धार्थ की स्वयंभू की शूटिंग शुरू, अभिनेता ने शेयर किया फर्स्ट-लुक पोस्टर




निखिल सिद्धार्थ ने अपनी आगामी फंतासी-एक्शन-रोमांस फिल्म स्वयंभू की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसके लिए उन्होंने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने पोस्टर का खुलासा किया, जिसमें एक स्क्रॉल है जिसमें उन्हें पूर्ण योद्धा मोड में दिखाया गया है, जो सुनहरी रोशनी में घोड़े पर सवार अपने धनुष और तीर से आग उगलते सर्पिन राक्षस से लड़ रहे हैं। उन्होंने स्वयंभू के पोस्टर को कैप्शन दिया: द एपिक जर्नी बिगिन्स #स्वयंभू #शूटबिगिन्स।

इससे पहले भी, अभिनेता ने एक और महाकाव्य दिखने वाले पोस्टर का अनावरण किया था, जिसमें उन्हें हाथ में भाला लेकर अपने दुश्मनों को मारने के लिए तैयार युद्ध कवच पहने हुए दिखाया गया था। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है, हालांकि कहा गया है कि यह एक भव्य तमाशा होगी और इसमें बाहुबली और मगधीरा जैसी शैली होगी, दोनों ने भारत में काल्पनिक महाकाव्य युद्ध फिल्मों को प्रेरित किया था।

# कमर दर्द से हैं परेशान तो हो जाएं सावधान, क्योंकि 80 प्रतिशत महिलाएं हैं इस बीमारी का शिकार

कमर दर्द आम तौर पर बहुत से लोगों को होता है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि अच्छी तरह से न उठना-बैठना, अधिक समय तक बैठे रहना, शारीरिक चोट, या अन्य अंदरूनी समस्याएं। यदि कमर दर्द लगातार बना रहता है और आपको इससे बहुत परेशानी हो रही है,तो हो सकता है आपको ऑस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी हो जिसमें हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। यह मुख्य रूप से बुढ़ापे में होती है, लेकिन आज कल यह युवाओं में भी देखने को मिल रहा है।



### 6 करोड़ लोग प्रभावित

वर्तमान में देश में 6 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं, और इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। ऑस्टियोपोरोसिस जहां यह पहले 50 साल की उम्र में दिखाई देता था, लेकिन अब 30 से 40 की आयु में भी यह संख्या बढ़ती जा रही है।

### जानें क्या कारण हो सकता है

**आयु:-** जैसे-जैसे आयु बढ़ती है, हड्डियों की घनत्व में प्राकृतिक रूप से कमी होती है।

**हार्मोनल परिवर्तन:-** महिलाओं में मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से हड्डियों की कमजोरी हो सकती है।

**पोषण की कमी:-** कैल्शियम और विटामिन ष्ठ की कमी से भी हड्डियों का घनत्व कम हो सकता है।

### जानें लक्षण

- हड्डियों में दर्द
- हड्डियों की कमजोरी जिससे आसानी से चोट आ सकती है
- हड्डियों का आकार छोटा हो जाना
- हल्की चोट से भी हड्डी टूट सकती है।
- कमर की हड्डी की कमजोरी के कारण झुकना।

### जानें इसका उपाय

**पोषक तत्वों की सेवन:-** कैल्शियम और विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।

**व्यायाम:-** नियमित रूप से व्यायाम करना जैसे कि वॉकिंग, जोगिंग, और कम वजन उठाना।

**धूम्रपान और मदिरा:-** इनसे परहेज करें क्योंकि ये हड्डियों को कमजोर बना सकते हैं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:-** नियमित अवधियों पर हड्डी की मजबूती का परीक्षण कराएं।

**दवा:-** अगर आवश्यक हो, तो डॉक्टर की सलाह पर ऑस्टियोपोरोसिस की दवाएं लें।

### जानें कौन सा टेस्ट करवाएं

बोन डेंसिटी टेस्ट, जिसे डेक्सा स्कैन भी कहा जाता है, एक विशेष प्रकार की एक्स-रे परीक्षण है जो हड्डियों के मिनरल घनत्व को मापता है। यह टेस्ट ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का पता लगाने में मदद करता है और यह भी पता लगाने में मदद करता है कि आपकी हड्डियों में फ्रैक्चर का जोखिम कितना है।

# भूलकर भी ना करें आती हुई छींक को रोकने की गलती, हो सकता है जान का खतरा

**बच्चों से लेकर बड़ों तक सबको छींक आती है। कुछ लोगों को अपनी छींक से ऐतराज नहीं होता। लेकिन कुछ लोग छींकने से शर्माते हैं और छींक रोकने की कोशिश भी करते हैं। बिना ये सोचे कि छींक रोकने की ये कोशिश जान पर भारी भी पड़ सकती है। आप को शायद ये बातें बेमानी लगे। लेकिन हकीकत यही है छींक रोकने से कभी कभी ऐसे हालात भी बन सकते हैं जो आपकी जान पर बेहद भारी साबित हो सकते हैं। एक शख्स इसका शिकार भी हो चुका है।**



### छींक रोकने से फट गया गला

रिपोर्ट के मुताबिक 34 साल के एक शख्स को छींक रोकना इस कदर भारी पड़ा कि जान के लाले ही पड़ गए। ब्रिटेन के इस शख्स के गले में तेज दर्द और सूजन आने लगी। कुछ ही दिन में उसके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया। परेशान शख्स इलाज के लिए डॉक्टर के पास पहुंचा। अपनी इस तकलीफ का कारण सुना तो पहली बार में उसे भी यकीन नहीं हुआ। डॉक्टर ने उसे बताया की छींक रुकने से सारा प्रेशर गले में अंदर चला गया। जिससे गले के मुलायम टिश्यूज फट गए। इस वजह से उसके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया।

### क्यों खतरनाक है छींक रोकना?

जब भी छींक आती है तब नाक के रास्ते से तेज हवा बाहर आती है। अब अगर आप छींक रोकते हैं तो हवा का दबाव बाहर जाने की जगह अंदर ही मुड़ जाता है। जिसका असर किसी और अंग पर पड़ सकता है। छींक के रास्ते बाहर निकलने वाली हवा का प्रेशर बहुत ज्यादा होता है। ये अगर कान के जरिए बाहर निकलती है तो कान के पर्दे भी फाड़ सकती है। इस प्रेशर से आंख, नाक और कान के ब्लड वेसल्स भी फट सकते हैं। असर ज्यादा गंभीर हुआ तो जान जाने का डर भी बना रहता है। इसलिए छींक रोकने की गलती कभी न करें।

# दिशा पटानी बनीं क्यूं करू फिकर की डायरेक्टर



अभिनेत्री दिशा पटानी ने बहुप्रतीक्षित गीत क्यों करू फिकर के लिए निर्देशक की भूमिका निभाई है, जिसे 2023 का गर्ल्स एंथम कहा जाता है। अपने निर्देशन कर्तव्यों के साथ-साथ, तेजस्वी लोफर सुंदरता अपनी उपस्थिति से संगीत वीडियो की शोभा बढ़ाती है। निखिता गांधी द्वारा गाया गया और वैभव पाणि द्वारा रचित, वायु के बोल के साथ, गाने का टीजर 16 अगस्त, 2023 को रिलीज हुई। एक आकर्षक पोस्टर पहले ही जारी किया जा चुका है, जो उत्साह बढ़ा रहा है। अपने निर्देशन के अलावा, दिशा पटानी ने दो अखिल भारतीय फिल्मों, कल्कि 2898 एडी और कांगुवा में अभिनय किया है। वह 15 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने वाली आगामी हिंदी फिल्म योद्धा का भी हिस्सा हैं।

# बॉडीकॉन रेड गाउन में अनन्या पांडे ने लगाया हॉटनेस का तड़का, कर्वी फिगर ने खींचा ध्यान



अनन्या पांडे उन स्टार किड्स में हैं, जिन्होंने काफी कम वक्त में सिर्फ अपने दम पर इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। आज फैंस अनन्या की एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस भी किसी न किसी वजह से अक्सर खबरों में बनी ही रहती हैं। फिलहाल तो एक्ट्रेस अपनी फिल्मों, लव लाइफ और स्टाइल जैसी कई वजहों से सुर्खियों में हैं। हालांकि, इस बार उनका नया लुक सभी का ध्यान खींच रहा है।

अनन्या ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने लुक की झलक दिखाई है। इसमें उन्हें रेड कलर का स्लीवलेस बॉडीकॉन गाउन पहने हुए देखा जा रहा है।

इस आउटफिट को एक्ट्रेस ने बहुत ग्रेसफुल कैरी किया है। अनन्या ने इस लुक में अपना परफेक्ट कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से एक किलर पोज दिए हैं।

अनन्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और शाइनी न्यूड स्मोकी आईज से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने सिल्वर हाई हील्स कैरी की हैं और बालों को ओपन रखा है। एक्सेसरीज के तौर पर अनन्या ने सिर्फ कानों में गोल्ड ईयररिंग्स पहने हैं। एक्ट्रेस इस लुक में बहुत खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं। फैंस के बीच उनका ये नया लुक काफी वायरल हो रहा है।

दूसरी ओर अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस वक्त एक्ट्रेस के पास कई प्रोजेक्ट्स कतार में हैं। जल्द ही अनन्या ड्रीम गर्ल 2 में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा उन्हें खो गए हम कहां और कंट्रोल टाइटल से बन रही फिल्मों में भी देखा जाने वाला है।

# रजनीकांत की जेलर बॉक्स ऑफिस पर ला रही सुनामी, दुनियाभर में कमाई 500 करोड़ के पार



सिनेमा लवर्स और मेकर्स के लिए इस बार अगस्त बहुत खास है। जहां सनी देओल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है वहीं साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस कर रही है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म का देश के साथ विदेशों में भी डंका बज रहा है। ऐसे में 10वें दिन भी फिल्म ने तगड़ा कलेक्शन किया है। इसी के साथ ये फिल्म 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। आइए जानते हैं रजनीकांत स्टारर जेलर ने रिलीज के 10वें दिन कितनी कमाई की है। तमन्ना भाटिया स्टारर इस फिल्म का सॉन्ग कावाला इसकी रिलीज से पहले ही पॉपुलर हो गया था। 10 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म का तहलका 10 दिन बाद भी मचा हुआ है। भारत में ही ये फिल्म 300 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है वहीं दुनियाभर में भी फिल्म का डंका बज रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रजनीकांत की जेलर ने रिलीज के 10वें दिन 18 करोड़ का कारोबार किया है। जिसके साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन 263।90 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं दुनियाभर में इस फिल्म 500 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। अब देखना ये होगा वीकेंड के दूसरे दिन फिल्म कितनी कमाई कर पाती है।

बता दें इस फिल्म के साथ 2 साल बाद रजनीकांत ने कमबैक किया है। इसके साथ ही ये पता चलता है थलाइवा स्टार रजनीकांत ऑल टाइम हिट स्टार हैं। ये तमिल सिनेमा की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कालीवुड फिल्म बन गई है। नेल्सन दीलिपकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने पोन्नियिन सेलवन 2, विक्रम, बाहुबली और आरआरआर जैसी बड़ी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### विश्व मच्छर दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई

**दुर्ग ।** जिले में 20 अगस्त 2023 को विश्व मच्छर दिवस का कार्यक्रम रैली एवं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे भिलाई स्टील प्लांट के टाउनशिप क्षेत्र में जन स्वास्थ्य विभाग सेक्टर 08 भिलाई नगर मे 20 अगस्त 2023 को विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम में रैली का आयोजन किया गया। ब्रीडर चेकर्स पी.एच.डी. के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। मच्छर से विभिन्न प्रकार की बीमारी की उत्पत्ती के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा एवं बचाव तथा उपचार के बारे मे जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में स्त्रोत नियंत्रण के तहत नाली की सफाई, कुलर, गमला, टायर, नारियल खोल, टंकी प्लास्टिक कंटेनर, जल भराव के क्षेत्र एवं झाडियो इत्यादि में मच्छर के लार्वा का स्त्रोत पाया जाता है। उसे कीटनाशक दवा टेमिफश, मेलाथियान इत्यादि से विनष्टिकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया क्योकि मच्छर के अलग-अलग प्रजाति जैसे कि संक्रमित मादा एनाफिलीस मच्छर के काटने से मलेरिया रोग संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया रोग (हाथीपाठ) जैसे गंभीर विकृति शरीर में आती है तथा संकमित मादा एडिस मच्छर के काटने से डेंगू बीमारी होता है। विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. सी. बी. एस. बंजारे जिला मलेरिया अधिकारी के कुशल नेतृत्व में विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मच्छर जनित रोग के बारे मे प्रचार-प्रसार बचाव उपचार तथा सभी को मच्छरदानी का उपयोग करने एवं स्त्रोत नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत लार्वा विनष्टीकरण एवं वयस्क मच्छर का विनष्टीकरण करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

### राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**बेमेतरा।** खरीफ वर्ष 2023 में जिले के कृषकों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर से राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के द्वारा बेमेतरा जिले के आमीन ट्रेडर्स रांका विकास खंड बेरलाए मां महामाया ट्रेडर्स कठिया विकास खंड बेरला और विकास खंड बेमेतरा के विभिन्न कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज.स्कंध पंजी,बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध कृषि आदान सामग्री आदि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं जैसे कृषकों को नियमानुसार बिल नहीं देनाए मूल्य सूची प्रदर्शित न करना एस्कंध पंजी का संधारण न करना आदि अनियमितताएं पाए जाने पर 5 विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध आदान सामग्रियों को जब्त कर संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समाधान कारक जवाब प्राप्त नहीं होने पर लायसेंस रद्द किया जायेगा ।

### जिले में पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने चलाया गया विशेष महाअभियान

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग पर आवारा, घुमंतु पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में विशेष महाअभियान चलाया गया। कलेक्टर डोमन सिंह ने नगर निगम राजनांदगांव के गोकुल नगर में घुमंतु पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाकर महाअभियान का शुभारंभ किया। विशेष महाअभियान में जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा एवं घुमंतु मवेशियों में रेडियम बेल्ट, टैगिंग, रेडियम पेंट, रेडियम टेप तथा घुमंतु पशुओं को कांजी हाउस एवं चिन्हित गौठानों में रखा गया। विशेष महाअभियान में कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार के निर्देशन पर जिले में 3 हजार 216 पशुओं में रेडियम बेल्ट, पेंट, टेप लगाया गया। पशुओं में 1 हजार 286 यूनिक आईडी टैग लगाया गया। नगरीय निकायों एवं गांवों में चरवाहों एवं पशु मालिकों की बैठक आयोजित कर मवेशियों को खुले एवं सड़क में नहीं छोडने् के लिए जागरूक किया गया। विशेष महाअभियान में खुले एवं सड़क में घुम रहे पशुओं के पशु पालकों पर 30 हजार रूपए का दण्ड अधिरोपित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी पशु पालकों से अपील की कि वे अपने मवेशियों को खुले एवं सड़क पर नहीं छोड़े। जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई की शुरूआत की गई है। मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएगी।

सद्भावना दिवस कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुईं सोनिया गांधी, कहा-

# छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए लाई गई योजना बेमिसाल

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार ने राजीव जी के सपनों को साकार रूप दिया है। समाज के सभी क्षेत्रों, वर्गों, समुदायों तथा जन-जन के जीवन स्तर में सुधारने की दिशा में अपने को समर्पित किया है। सही मायनों में राजीव जी के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि है। सांसद श्रीमती सोनिया गांधी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में यह बात कही।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में 2055 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि अंतरित की, साथ ही उन्होंने महासमुंद जिले में 704 करोड़ रुपए के 224 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 18 नई तहसील और 13 नये अनुविभागीय कार्यालयों का उद्घाटन भी किया। इन्हें मिलाकर प्रदेश में अब 250 तहसील और 122 अनुविभाग हो चुके हैं। उन्होंने महासमुंद नगर पालिका को नगर पालिक निगम बनाने, ग्राम पंचायत भोरिंग को नगर पंचायत बनाने तथा महासमुंद में अगले वर्ष के बजट में कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण को जोड़ने की घोषणा भी की।

श्रीमती गांधी ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि अगर हम कृषि की प्रगति को कायम नहीं रख पाये तो देश से हम गरीबी नहीं हटा पाएंगे। छत्तीसगढ़ की सरकार ने राजीव जी के इन सपनों को साकार करने ठोस कदम उठाए हैं। इन कदमों से लाखों किसानों का आर्थिक स्तर निरंतर सुधर रहा है। उनके जीवन में उम्मीद की किरण दिखाई देती है। परिवार में खुशी का माहौल है। मुझे खुशी है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत सरकारी सब्सिडी के अलावा छत्तीसगढ़ के किसानों के उत्थान के लिए अनेक फैसले लिये गए हैं, जो दूसरे प्रदेशों के लिए एक मिसाल हैं। राज्य सरकार के इन फैसलों से जहां उत्पादन में वृद्धि हुई, वहीं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी का नया रिकार्ड कायम हुआ। छत्तीसगढ़ की सरकार ने कृषि मजदूरों के लिए भी सार्थक कदम उठाये। राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। श्रीमती गांधी ने कहा कि राजीव जी कहते थे कि भारत एक प्राचीन देश है लेकिन एक युवा राष्ट्र है। उन्हीं के शब्दों में मैं नौजवान हूँ और मेरा भी सपना है। मेरा सपना है कि भारत को मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर तथा दुनिया के सभी देशों में प्रथम स्थान पर लाना और मानव जाति की सेवा करना है। आज जब हम राजीव जी के इन शब्दों को याद करते हैं तो समझ आता है कि देश के युवा और किसानों के बिना यह सपना पूरा नहीं हो सकता। देश के किसानों से राजीव जी का अटूट लगाव था। उन्होंने कहा था कि यदि किसान कमजोर हो जाते हैं तो देश आत्मनिर्भरता खो देता है लेकिन अगर वो मजबूत होते हैं तो देश की स्वतंत्रता भी मजबूत होती है।

40 लाख लोगों को पांच सालों में गरीबी से बाहर निकालना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि नीति आयोग की हाल ही में रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग पिछले पांच सालों में गरीबी से बाहर आ चुके हैं। कबीरधाम, सरगुजा और दंतेवाड़ा में 23 से 25 प्रतिशत लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। रायपुर, धमतरी और बालोद जिले में गरीबी अब दस प्रतिशत से कम रह गई है। पिछले पांच सालों में गरीबी हटाने को लेकर यह जो बड़ा काम हुआ है। यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना

## मुख्यमंत्री ने 50 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को राशि के अंतरण कार्यक्रम के पहले ''मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना'' के तहत महासमुंद जिले के लिए 7 तथा संभाग के अन्य जिलों के लिए 43 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर शुरू किया है। जिसके तहत चिकित्सायुक्त 163 मोबाईल वैन के माध्यम से गौठानों, ग्राम पंचायतों तक पहुंच सेवा एवं कॉल सेंटर के माध्यम से जी.पी.एस. लगे मोबाईल वैन एवं पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी गौवंश (पशुओं) को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत आज मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा आज चिकित्सा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को घर-घर जाकर ट्रीटमेंट दिया जाएगा।

अब राज्य सहित जिले के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर जल्द से जल्द चिकित्सा वाहन को अपने स्थान पर बुलवा सकेंगे और अपने पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे। इससे पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने सुपोषण चौपाल का आयोजन



श्रीकंचपनथ न्यूज

**जशपुरनगर ।** ग्राम पंचायत पण्डरापाठ के तेंदपाठ में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओ एवं अन्य वर्ग के कुपोषित 32 बच्चों को सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं महिला सुपरवाइजर के द्वारा दुध, केला, अंडा एवं पौष्टिक आहार खिलाकर सुपोषित आवश्यक जानकारी दी गई। कुपोषित बच्चों को सुपोषित हेतु निरंतर ग्राम पंचायत पण्डरापाठ के सरपंच,सचिव के प्रयास के लिए पूर्व में प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है।

गौरतलब है कि जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0-5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनिमिया मुक्त अभियान को सफल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। कुपोषण स्तर में कमी एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किया गया है जो स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समुदाय की पहुंच, विशिष्ट स्थानीय जरूरतों को पूरा करने और समुदाय आधारित योजना और निगरानी के लिए एक तंत्र के रूप में कार्य करने का एक मंच है।जो गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए बना मददगार साबित हो रहा है। कुपोषण को दूर करने के अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हाकित गांव में जाकर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थित में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने जिले के नवगठित अनुविभाग छुरा और तहसील फिंगेश्वर का किया वर्चुअल लोकार्पण

श्रीकंचपनथ न्यूज



**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में जिले के नवगठित अनुविभाग छुरा और तहसील फिंगेश्वर का वर्चुअल लोकार्पण किया। साथ ही जिले के हितग्राहियों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना गैर अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत राशि का वितरण किया।

जिले में नए अनुविभाग और तहसील शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र के लोगों को राजस्व कार्यों के लिए अधिक दूरी भी तय नहीं करनी पड़ेगी। नवगठित छुरा अनुविभाग अंतर्गत 36 पटवारी हल्के के 169 गांव शामिल है। इसी प्रकार तहसील फिंगेश्वर के अंतर्गत 35 ग्राम पंचायतों के 56 गांव शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती मना रहे है और इस अवसर पर न्याय योजनाओं की राशि वितरित की गई है और नवीन राजस्व कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। आज छत्तीसगढ़ के किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर वर्ग छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। वर्चुअल माध्यम से जिला स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, एसडीएम छुरा श्री भूपेंद्र साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री टीआर देवांगन सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर श्रीमती पुष्पा साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बात चाहे खेती-किसानी की हो, आदिवासियों के विकास की हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की हो, हर नागरिक की आय में बढ़ोतरी की हो, रोजगार की हो, रोजगार के अवसरों के निर्माण की हो, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की हो, शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार की हो, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की हो, चिकित्सा सुविधा के विस्तार की हो आज छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बड़ा बदलाव दिख रहा है। हमारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। राजस्व कार्यों के लिए छुरा क्षेत्र के ग्रामीणों को नही जाना पड़ेगा गरियाबंद- छुरा अनुविभाग बन जाने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों के लिए लगभग 26 किलोमीटर की दूरी तय कर एसडीएम कार्यालय गरियाबंद नही जाना पड़ेगा।

## छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय स्पर्धाएं शुरू

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायगढ़।** छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में विकासखंड स्तरीय स्पर्धाएं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शुरू हो गई हैं। इसमें जोन स्तर के विजेता खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 18 से अगस्त से 23 अगस्त तक चलेंगी। इस स्तर के विजेता आगे 27 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे जो 04 सितंबर तक चलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पर 17 जुलाई से छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की शुरुआत हुई है।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाडिय़ों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### 6 चरण में हो रही प्रतियोगिता

छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन 6 चरणों में किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर से आगे की स्पर्धाओं में विजेता खिलाडिय़ों को पुरुस्कार भी प्रदान किए जायेंगे। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से आयोजित की गई। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया गया। जिसके पश्चात विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। इसके पश्चात संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को उनकी जयंती पर कांग्रेस भवन में दी गई पुष्पांजलि

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस भवन रायगढ में आज पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अफ्हयक्ष अनिल शुक्ला ने महापौर जानकी काटजू की उपस्थिति में कांग्रेसजनों के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए विदित हो कि स्व. राजीव गांधी जी की जयंती दिवस कार्यक्रम सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने स्व. राजीव जी के बारे में बताया कि स्व.राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भारतीय राजनीति के पन्नों पर अपनी सोच और अपने सपनों को उकेरना शुरू किया था। स्व. गांधी जी ने अपने कार्यकाल के दौरान राजनीति से लेकर तकनीकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया।

Jaquar Roca Parryware Wow, what a bathroom! AJAY PLUMBING FOR LIFE FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### बोलेरो की ठोकर से स्कूटी सवार की मौत, चालक फरार, सीएम बघेल ने की 4 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा

**दुर्ग।** जिले के पाटन ब्लॉक में रविवार की सुबह बोलेरो की ठोकर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। हादसा पाटन के मुख्य भीड़ वाले बाजार भरर चौक में हुआ। युवक एक्टिवा पर सवार था और उसे बोलेरो वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में युवक को पाटन अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। वहीं हादसे की जानकारी मिलने पर सीएम भूपेश बघेल ने गहरा दुख व्यक्त किया और मृतक के आश्रितों को चार लाख की सहायता राशि देने का ऐलान किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खामहरिया पाटन निवासी भरत यादव अपनी एक्टिवा में कॉलेज की तरफ से आ रहा था। वही एक बोलेरो जो आत्मानंद चौक से भरर चौक की तरफजा रहा था। शौर्य रेस्टोरेंट के पास ही दोनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में एक्टिवा चालक भरत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल पाटन अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बोलेरो के चालक घटनास्थल पर ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है। वहीं हादसे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या, तीन दिन पहले किया था अपहरण

**बीजापुर।** नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में एक बार फिर ग्रामीण की हत्या कर दी है। बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में रविवार रात नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद भी परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। ग्रामीणों के जरिए पुलिस को इसकी जानकारी हुई है। हालांकि पुलिस ने अभी भी इस घटना की पुष्टि नहीं की है।

मिली जानकारी के अनुसार तर्रेम थाना क्षेत्र के चिन्नागेलुर निवासी रामा पुनेम का नक्सलियों ने 18 अगस्त को अपहरण कर लिया था। अपहरण होने के बाद भी परिवार वालों ने नक्सलियों के डर से पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। 18 अगस्त को अपहरण करने के बाद नक्सलियों ने रामा पुनेम की रविवार रात को हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को गांव के बाहर छोड़कर चले गए। इधर रामा पुनेम का शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को नक्सलियों द्वारा ग्रामीण की हत्या की जानकारी मिली है लेकिन मृतक के परिजनों द्वारा किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### डेढ़ लाख की बाइक में देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बालोद (ए)।** डेढ़ लाख की बाइक में शराब सप्लाई करते युवक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम दनिया सरेखा मार्ग की ओर अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखकर परिवहन कर रहा है। सूचना तस्दीक के लिए गवाहो को लेकर रेड कार्यवाही के लिए ग्राम दनिया सरेखा मार्ग की ओर एक टीम रवाना हुआ। तभी एक व्यक्ति लाल काला रंग के मोटरसायल के साथ घेरा बंदी कर पकडा गया। जिससे नाम पता पुछने पर अपना नाम अजय बंजारे पिता स्व. बसंत बंजारे उम्र 27 साल निवासी ग्राम निपानी थाना व जिला बालोद का रहने वाला बताया।

# सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासाः अपनी मौत की साजिश रचने 90 साल की वृद्धा की ले ली जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मोहन नगर थाना क्षेत्र में के अंतर्गत एक सनसनीखेज हत्याकांड का मामला पुलिस ने सुलझाया है। दरअसल अपने प्रेमी के साथ घर बसाने के लिए महिला ने अपनी की मौत की साजिश रची। इसमें उसकी मदद उसके डॉक्टर प्रेमी ने की। प्रेमी ने इलाज के लिए पहुंची एक वृद्ध महिला की हत्या की और उसके शव को दुर्ग में अपनी प्रेमिका के घर लाकर जला दिया। इसके बाद सभी भाग गए। इस मामले में पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद जांच शुरू हुई। पुलिस भी परत दर परत खोलते हुए आरोपियों तक पहुंच गई। इसके बाद पूर साजिश का पर्दाफाश हुआ। दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने रविवार को इस पूरे मामले का खुलासा किया**



मिली जानकारी अनुसार गिरधारी नगर में रहने वाली मघु यादव 15-16 अगस्त की दरमियानी रात को जोरदार धमाके की आवाज सुाई दी। उठकर देखी तो स्टोर रूम में आग लगा हुआ था। उसने देवर भुपेन्द्र यादव को फोन कर जगाया और आग बुझाने लगे। इस दौरान इन लोगों ने देखा कि कोई लाश जल रही है। इसके बाद देखा कि उसकी देवरानी सुप्रिया यादव अपने कमरे में नहीं थी। इन लोगों ने सोचा कि जलने वाली उसकी देवरानी होगी। मौके पर चूड़ी व बिछिया देखकर इन्हें शव हुआ। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान पुलिस सुप्रिया यादव के मायके गंडई से सूचना मिली कि वह खैरागढ़ एवं जालबांधा के बीच अचेत अवस्था में पड़ी थी होश आने के पश्चात डायल 112 के माध्यम से उसके मायके टिकरी पारा गंड़ई पहुंचाया गया है। सुप्रिया यादव के जीवित होने की पुष्टि होने के बाद अब मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात शव की पतासाजी शुरू की। इसके बाद सुप्रिया यादव ने पूछताछ में बताया कि वह गिरधारी नगर में अपने पति भुपेन्द्र यादव, दो बच्चों, सास व जेठ जेठानीयों व उसके बच्चों के साथ संयुक्त रूप से रहती है।

इस बीच पुलिस को पता चला कि सुप्रिया यादव की सास की खरी खोटी व टोका टाकी से परेशान रहती थी। यही नहीं यह भी पता चला कि पूर्व में उसका अपने मायके गंड़ई के मेडिकल स्टोर संचालक व झोलाछाप डॉक्टर उमेश साहू से प्रेम प्रसंग था। पुलिस को यह भी पता चला कि उसका प्रेमी उमेश साहू 21 जुलाई से 8 अगस्त तक दुर्ग में रहा और बी फार्मा की परीक्षा दे रहा था। इस दौरान उसकी सुप्रिया यादव से अक्सर मुलाकात होती थी। इसी मुलाकात के दौरान सुप्रिया यादव ने अपने प्रेमी के साथ जाने का फैसला किया। इसके लिए उसने अपने आप को मृत घोषित करने की साजिश रची। इसके लिए उसने किसी भी महिला के शव को लाकर घर में जलाने की योजना बनाई, ताकि सुप्रिया यादव इनकी नजरों में मृत घोषित हो जाए।

## प्रेमी ने वृद्धा की हत्या कर किया शव का बंदोबस्त

इसके बाद योजना के अनुसार सुप्रिया यादव का प्रेमी उमेश साहू ने गण्डई स्थित अपने क्लिनिक में लंबे समय से ईलाज करा रही सुरजा बाई मरकाम (90) की हत्या कर दी। उमेश साहू के पास वृद्धा 14 अगस्त को पहुंची तो उसकी गला दबाकर हत्या कर शव को बोरे में भरकर मेडिकल स्टोर की फ्रिज में रख दिया। इसके बाद अपने मित्र प्रदीप जंघेल निवासी खैरानवापारा छुईखदान के साथ कार क्रमांक CG 04 LM 7005 की डिक्की रख कर शव को 15 अगस्त की रात 10 बजे दुर्ग में अपनी प्रेमिका सुप्रिया यादव के घर ले आया। यहां उमेश साहू ने रात एक बजे शव को सुप्रिया यादव जैसा दिखाने का प्रयास किया और पेट्रेल व पुरानी लकड़ियां डाल कर जला दिया। इस बीच धमाका हुआ जिसे सुनकर घर वाले जागे। शव जलाने के बाद उमेश साहू अपनी प्रेमिका सुप्रिया यादव को लेकर अपने साथी प्रदीप जंघेल के साथ गंडई ले गया। गंडई में वह रात भर उमेश साहू के मेडिकल स्टोर में रुकी। लेकिन अब सुप्रिया को अपने बच्चों की याद आने लगी तो वह वापस दुर्ग जाने की जिद करने लगी। इसके बाद उसके प्रेमी ने उसे खैरागढ़ में छोड़ दिया। खैरागढ़ में उसने सिंदूर और बंदन को अपने शरीर पर लगाकर पास के एक घर में जाकर बेहोश होने का नाटक किया और मदद मांगी। इस तरह वह वापस दुर्ग पहुंची। पुलिस ने इस मामले में सुप्रिया यादव उमेश साहू व प्रदीप जंघेल को गिरफ्तार कर लिया है।



## कांग्रेस विधायक छन्नी साहू पर नशेड़ी ने किया चाकू से हमला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की खुज्जी विधायक छन्नी साहू पर चाकू से हमला हुआ है। रविवार शाम को जोंधरा गांव में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम शामिल होने विधायक पहुंची थी। इस दौरान नशे में धुत युवक ने उनपर चाकू से हमला किया है। इस हमले में विधायक को हाथ में हल्की चोट आई है। जिसके बाद विधायक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया ले जाया गया। प्रारंभिक इलाज के बाद विधायक छन्नी साहू को डिस्चार्ज कर दिया गया है।


मिली जानकारी के अनुसार विधायक छन्नी साहू भूमिपूजन कार्यक्रम में जोंधरा गांव गई हुईं थी। कार्यक्रम के दौरान एक युवक पहुंचा और चाकू से विधायक पर वार कर दिया। इस वार से विधायक छन्नी साहू के हाथ पर चोट आई। घटना की सूचना के बाद मोके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इधर छन्नी साहू को अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे प्रारंभिक इलाज के बाद डिस्चार्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है। युवक ने विधायक पर चाकू से हमला क्यों किया इसका जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## नसबंदी के बाद गर्भवती हुई महिला, कोर्ट ने स्वास्थ विभाग को ठहराया जिम्मेदार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में नसबंदी कराने के बाद विवाहिता के गर्भवती होने एवं पुत्री को जन्म देने के एक मामले में कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए बड़ा फैसला दिया है। अंबिकापुर लोक अदालत ने प्रभावित परिवार को 23 लाख रुपए देने का आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। राशि भुगतान का आदेश बीएमओ वाड्रफनगर एवं सीएमएचओ, अंबिकापुर को दिया गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि तीन लाख रुपए तत्काल देने तथा बाकी 20 लाख रुपए अगले 15 वर्षों के लिए एफडी करने का आदेश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थायी लोक अदालत अंबिकापुर के न्यायालय में महिला शांति रवि पति बुधन कुमार लहरे की ओर से परिवाद अधिवक्ता सुशील शुक्ला के माध्यम से पेश किया गया था। परिवाद में नसबंदी के बाद विवाहिता के गर्भवती होने एवं पुत्री के जन्म को स्वास्थ्य सेवा में कमी 50 लाख क्षतिपूर्ति की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई करते हुए अंबिकापुर की स्थायी लोक अदालत की अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने



स्वास्थ्य सेवाओं में कमी मानते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं में कमी माना। कोर्ट ने महिला को तीन लाख नगद अथवा शेष 20 लाख की राशि एक नवंबर 2038 तक के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के सावधि खाते में जमा करने के आदेश दिए हैं।

### जानिए क्या है पूरा मामला

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर ब्लाक अंतर्गत शारदापुर निवासी शांति रवि पति बुधन कुमार लहरे ने उसके एक पुत्र एवं दो पुत्रियों के जन्म के बाद नसबंदी के लिए बीएमओ वाड्रफनगर के कार्यालय में पंजीयन कराया था। पंजीयन के बाद परामर्शदाता अमल किशोर पटवा के साथ वह जिला अस्पताल अंबिकापुर पहुंची। यहां 24 दिसंबर 2019 को उसकी नसबंदी की गई और उसे इसका प्रमाण पत्र भी दिया गया। नसबंदी के कुछ माह बाद उसे पता चला कि वह गर्भवती है। जब वह परामर्श के लिए वाड्रफनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक के पास गई तो एबार्सन में प्रसूता को जान का खतरा बताया गया। महिला ने 12 अक्टूबर 2020 को पुत्री को जन्म दिया। नसबंदी असफल होने पर उसे प्रत्येक तीन माह में गर्भ निरोधक टीका लगवाने की सलाह दे दी गई।

इधर सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने अपना पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि नसबंदी सहमति पत्र में स्पष्ट उल्लेखित है कि नसबंदी के दो सप्ताह तक गर्भ निरोधक साधनों का उपयोग करना होगा। महिला को गर्भ निरोधक साधन उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन उन्होंने उपयोग नहीं किया। नसबंदी के बाद भी गर्भ ठहरने की स्थिति में दो सप्ताह के भीतर जिम्मेदार शासकीय चिकित्सक को सूचना देने का प्रविधान है, लेकिन इस प्रकरण में ऐसा नहीं किया गया है। जबकि न्यायालय ने कहा कि गर्भ ठहरने के बाद ही महिला ने चिकित्सक से संपर्क किया था, लेकिन एबार्सन में प्रसूता की जान से खतरा बताया गया था। स्वास्थ्य विभाग की दलीलों को खारिज करते हुए न्यायालय ने इसे स्वास्थ्य सेवा में कमी का प्रकरण मानते हुए फैसला सुनाया है।

### कुएं में मिली मां-बेटे की लाश

## आत्महत्या की आशंका, बच्चे के साथ तीन दिन से लापता थी महिला



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के ग्राम बैजनाथपुर में महिला व उसके दुधमुंहे बच्चे की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। महिला अपने पांच माह के बच्चे के साथ तीन दिन से लापता थी। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को आशंका है कि महिला ने अपने बच्चे के साथ आात्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला भटगांव थाना क्षेत्र का है। यहां के बैजनाथपुर गांव के बनियापारा मोहल्ले में 3 दिन से लापता मां-बेटे की लाश मिली है। 5 महीने का दुधमुंहा बच्चा मां के साथ कपड़े से बंधा था। मृतक महिला का नाम बबीता सिंह है। पुलिस ने बताया कि तीन दिन पहले 16 अगस्त की रात बबीता अपने बच्चे को लेकर किसी को बताए बिना घर से निकल गई। इसके बाद वह नहीं लौटी तो दूसरे दिन से घर वाले उसे तलाश रहे थे। 17 अगस्त को परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

इधर महिला व बच्चे की तलाश जारी थी इस बीच शनिवार को गांव के कुएं में दोनों के शव देखे गए। गांव वालों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांववालों की सहायता से शवों को बाहर निकाला। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने आशंका जताई है कि महिला ने अपने बच्चे को कपड़े से बांधकर कुएं में छलांग लगा दी। इस मामले में परिजनों व गांववालों से पूछताछ की जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि महिला की दिमागी हालत सही नहीं थी।

# नौकर के भरोसे दुकान छोड़ना पड़ा भारी, मालिक पहुंचा तो उड़े होश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में एक दुकानदार को नौकर के भरोसे दुकान छोड़ना भारी पड़ गया। दरअसल दुकानदार अपनी बहन को लेने नागपुर गया था और पीछे से दुकान की देखभाल करने पत्नी को कहा। पत्नी दुकान नौकर के भरोसे छोड़कर चली गई। इस बीच उसने दुकान से एक लैपटाप, नगदी रकम और मालिक की बाइक लेकर फरार हो गया। वापस लौटने के बाद दुकानदार ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद दुर्ग पुलिस ने धारा 381 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हरनाबांधा निवासी नीधिश खंडेलवाल (43) की स्टेशन रोड पर किराने व मनिहारी का दुकान है। 18 अगस्त की सुबह वह अपनी बहन को लाने नागपुर गया और दुकान देख रेख की जिम्मेदारी पत्नी किरण खंडेलवाल को दी। दोपहर करीब 12.30 बजे किरण खंडेलवाल




जरूरी काम आने से नौकर मनीष कुमार कश्यप को दुकान सौंप कर चली गई। लगभग एक घंटे बाद जब वह लौटी तो दुकान का शटर गिरा था और उसमें ताला लगा था।

दुकान बंद देख किरण खंडेलवाल ने अपने पति को फोन लगाया और इसकी जानकारी दी। पति के कहने पर पत्नी ने आसपास पतासाजी की तो उनकी दुकान के पास की एक पान दुकान वाले ने बताया कि उसके नौकर मनीष ने चाबी उसे दी है। इसके बाद किरण खंडेलवाल ने जब दुकान खोला तो काउंटर से लैपटॉप व दो मोबाइल फोन गायब मिले। गल्ले का ताला भी टूटा था और उसमें से करीब 70 हजार कैश गायब हो गया। यही नहीं नौकर दुकान के बाहर खड़ी उनके पति की बाइक भी लेकर भाग गया था। दूसरे दिन 19 अगस्त को पति वापस लौटा और अपने नौकर मनीष कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572



# छत्तीसगढ़ महिला कोष




**मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध**
**सक्षम योजना के तहत**
**अधिकतम 4 लाख रूपए तक ऋण प्रदाय**


## तृतीय लिंग हितग्राही भी योजना से ले सकते हैं लाभ

सक्षम योजना के तहत
**1126 महिलाओं को**

**8.52 करोड़ रूपए**
ऋण वितरित

**5845 महिला समूहों के**
**11.06 करोड़ रुपए का ऋण माफ**

अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट www.cgwcd.gov.in पर उपलब्ध



भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

RO- 38116/1

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950